तापमान

अधिकतम 28.2 डिग्री

न्यूनतम 24.1 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 3 जुलाई 2024

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया



नगर निगम की स्वच्छता टीम सिर्फ घरों से कचरा बटोर रही है, सड़क के किनारे से कचरा नहीं उठाया जा रहा है।

(बिलासपुर) प्रवेश प्रारंभ (बिलासपुर)
न्यू महाराणा I.T.I.
Affiliated by:- (N.C.V.T & D.E.T.)
New Delhi (Govt. Of India)
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, डीजल मैकेनिक, फिटर
योग्यता-10वीं पास (प्राईवट, ओपन,पत्राचार, नियमित)
प्रथम प्रवेशित 50 छात्रों को विशेष छुट
अतिशीघ्र प्रवेश लेवें मात्र 999/- में डोनेशन
स्थान सीमित 100% रोजगार परक प्रशिक्षण
प्राचार्य: लोधीपारा पुराना सरकंडा (कोनी रोड) बिलासपुर
मो. 9203905369, 9203914564, 9203914561

छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-03/07/24

## खबर संक्षेप

### उप मुख्यमंत्री साव के आफिस असिस्टेंट बने शिंदे

**बिलासपुर।** उप मुख्यमंत्री अरूण साव के बिलासपुर स्थित ऑफिस में सहायक वर्ग 2 डिगेश्वर राव शिन्दे को कार्यालय सहायक के रूप में संलग्न किया गया है। जिला कार्यालय द्वारा इसका आदेश गत 14 जून को जारी किया गया। पूर्व में इस पद पर कार्यरत कार्यालय सहायक पंकज सिदार को उनके मूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत तखतपुर ब्लॉक के सकर्रा उमा विद्यालय के लिए भारमुक्त कर दिया गया है।

### आरटीई से प्रवेश, दूसरे चरण का आवेदन 9 से

**बिलासपुर।** शिक्षा के अधिकार के तहत 7 जुलाई को प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया पूरी होगी। इसके बाद 9 जुलाई से द्वितीय चरण के तहत आवेदन जमा होने शुरू होगा। ऐसे में जिले के 553 निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए पालक आवेदन कर पाएंगे। अब तक 900 से अधिक बच्चे जिनके लॉटरी में चयन के बाद स्कूलों में सूची पहुंची है। उन्होने एडमिशन नहीं लिया है। इसके अलावा जिले के निजी स्कूलों में अभी 1500 से अधिक सीट खाली है। इन्हें द्वितीय चरण के तहत भरा जाएगा।

क्रिप्टो करंसी का लालच

### इंजीनियर से 10 लाख रुपए की ठगी

**बिलासपुर।** सकरी के आसमां सिटी में रहने वाले इंजीनियर को क्रिप्टो करंसी ट्रेडिंग में फायदे का लालच देकर 10 लाख की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने घटना की शिकायत सकरी थाने में की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। सकरी क्षेत्र के आसमां सिटी में रहने वाले आकाश डांगे (28) इंजीनियर हैं। उन्हें वाट्सएप पर लिंक भेजकर टेलीग्राम के एक ग्रुप में जोड़ा गया। इस ग्रुप में एक टीचर था, जो बाकि सदस्यों को क्रिप्टो करंसी ट्रेडिंग सिखाता था। साथ ही क्रिप्टो करंसी में रुपए निवेश करने के लिए कहता था। उसके कहने पर इंजीनियर ने पहले एक हजार रुपए निवेश किए। इसके बदले उन्हें 13 सौ रुपए दिए गए। बाद में उन्होंने तीन हजार रुपए लगाए तो 39 सौ रुपए वापस दिए गए। उन्हें यह मुनाफा एक वेबसाइड पर बनाए एकाउंट में ही दिखाई दे रहा था। इस बार उनका खाता फ्रीज बताने लगा। अपने रुपए वापस पाने इंजीनियर ने आनलाइन पूछताछ की तो 39 हजार रुपए जमा करने कहा गया। साथ ही पूरी रकम एक साथ वापस होने की बात कही गई। जालसाजों ने इंजीनियर को अलग-अलग बहानों से रुपए जमा करने कहा। झांसे में आए इंजीनियर ने अलग-अलग कर 10 लाख 88 हजार रुपए जमा कर दिए। धोखाधड़ी की जानकारी होने पर इंजीनियर सकरी थाने में शिकायत की। शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

# एयरपोर्ट की तर्ज पर बन रहे रेलवे स्टेशन में कैसे बचेगी ऐतिहासिक बिल्डिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अमृत भारत योजना के तहत बिलासपुर स्टेशन को एयरपोर्ट की तर्ज पर विकसित करने की योजना को मूर्त रूप देने के लिए स्टेशन की ऐतिहासिक बिल्डिंग को तोड़ा जा सकता है। इसके लिए प्रबंधन ने दिल्ली के अरिनेम कंसलटेंसी से नई बिल्डिंग के लिए डिजाइन तैयार कराई है। लेकिन इस डिजाइन में पुराने ऐतिहासिक बिल्डिंग का कोई जिक्र नहीं है।

पिछले दिनों रेलवे जीएम नीनू इटियेरा ने यहां का निरीक्षण किया था। इसके बाद रेलवे के अफसरों ने लगभग यह स्पष्ट कर दिया है कि प्लेटफार्म 6 और 7 का विस्तार करने पर पुरानी बिल्डिंग रूकावट बन रही है।

## 435 करोड़ में स्टेशन का कायाकल्प

- रेलवे ने दिल्ली की कंपनी से तैयार कराया मॉडल
- 134 साल पुरानी हेरिटेज बिल्डिंग का जिक्र नहीं
- अफसरों ने 1890 में बनी बिल्डिंग टूटने के दिए संकेत
- प्लेटफार्म 6,7 का विस्तार होते ही टूट जाएगी ऐतिहासिक बिल्डिंग



दिल्ली से आया मॉडल





### ऐतिहासिक भवन सबसे खास

रेलवे का ये ऐतिहासिक भवन कई मायने में खास है। ब्रिटिश काल में बना यह भवन बिलासपुर रेलवे की पहचान है। 100 साल पुराने इस भवन की मजबूती और डिजाइन लोगों को आकर्षित करती है । इसी वजह से रेलवे ने इस स्टेशन को धरोहर के रूप में विकसित किया है। इस वीआईपी गेट भी कहा जाता है।

### स्टेशन में कुछ इस तरह के काम कराएगा रेल प्रबंधन

- एक साथ 780 यात्रियों के बैठने के लिए 880 वर्ग मीटर वेटिंग एरिया।
- 1300 से अधिक वाहनों के लिए लगभग 31 हजार वर्ग मीटर का पार्किंग एरिया।
- तीन नए फुट ओवरब्रिज ।
- 1700 वर्ग मीटर का कमर्शियल एरिया। जिसमें व्यावसायिक प्रतिष्ठान व दुकानें होंगी।
- 31 लिफ्ट व 21 एस्केलेटर।
- पार्सल गोदाम को 300 वर्ग मीटर से बढ़ाकर लगभग 1100 वर्ग मीटर किया जाएगा।
- रेलवे स्टेशन में तीन से चार गार्डन के निर्माण स्टेशन की दोनों तरफ होंगे।
- रेलवे स्टेशन में मुख्य प्रवेश द्वारा पर दोनों छोर पर पार्किंग की सुविधा बनाई जा रही है।





प्लेटफार्म नंबर 6 और 7 के ठीक सामने आ रहा है ऐतिहासिक भवन।

### टैगोर ने यहां लिखी थी 'फांकी' कविता

प्रख्यात कवि गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की यादें बिलासपुर रेलवे स्टेशन से जुड़ी हुई हैं। अपनी धर्मपत्नी को इलाज के लिए पेंड्रा ले जाते समय उन्होंने बिलासपुर रेलवे स्टेशन में छह घंट बिताए। इसी दौरान "फांकी" कविता लिखी। गुरुदेव द्वारा लिखी गई कविता को आज भी बिलासपुर के रेलवे स्टेशन के गेट नंबर -2 में तीन भाषाओं हिंदी, अंग्रेजी और बांग्ला में संजोकर रखा गया है।

### मालगाड़ी के चलते यात्री ट्रेनों का ठहराव नहीं

रेलवे साउथ वेस्ट इंस्टीट्यूट का निर्माण 1885 में तत्कालीन ब्रिटिश सरकार ने करवाया था। सबसे खास बात यह कि इस स्टेशन का मूल मकसद सिर्फ व्यापार था, जो आज भी रेलवे की प्राथमिकता में है। यही कारण है कि माल ढुलाई में देश में नंबर वन है।

### स्टेशन को दोनों ओर बढ़ाने की योजना

रेल प्रशासन ने प्रस्तावित रेलवे स्टेशन के स्वरूप का मॉडल तैयार किया है। आने वाले 50 सालों में यात्रियों की संख्या को ध्यान में रख कर लगभग 28 एकड़ पर कार्ययोजना बनाई गई है। नई बिल्डिंग सहित सुविधाओं के विस्तार पर 435 करोड़ खर्च किए जाएंगे। योजना के तहत बिलासपुर शहर के दोनों किनारों पर उचित एकीकरण के साथ स्टेशन को सिटी सेंटर के रूप में विकसित करने तथा शहर को दोनों तरफ से जोड़ने के लिए मास्टर प्लान तैयार किए जा रहा है।

### प्लेटफार्म 6,7 के विस्तार पर टूटेगी पुरानी बिल्डिंग

अमृत भारत योजना के तहत बिलासपुर स्टेशन में 435 करोड़ रूपए के लागात से मार्डन स्टेशन बनाने का काम किया जाएगा। पुरानी हेरिटेज बिल्डिंग को बचाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। लेकिन प्लेटफार्म 6 और 7 के विस्तार में ये बिल्डिंग बाधा बन रही है। ऐसे में प्लेटफार्म 6 और 7 के विस्तार के साथ ही इस पुराने बिल्डिंग को तोड़ना ही पड़ेगा।

**- विकास कश्यप,** सीपीआरओ रेल मंडल बिलासपुर

## तिफरा फ्लाई ओवरब्रिज पर डिवाइडर से टकराकर गैस सिलेण्डर से भरी गाड़ी पलटी



**बिलासपुर।** मंगलवार को तड़के सुबह करीब 5 बजे तिफरा फ्लाई ओवरब्रिज से नीचे उतरते समय राजीव गांधी चौक के पास सिलेंडर से भरी गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में गैस सिलेण्डर सड़क पर बिखर गया। दरअसल भिलाई निवासी दुर्गेश चौहान तिल्दा गैस गोदाम से 333 नग गैस सिलेण्डर लोड कर कोरबा छोड़ने जा रहा था। तभी हादसा हो गया। दुर्घटना में ड्राइवर बाल बाल बच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर क्रेन से गाड़ी को उठवाकर गंतव्य के लिए रवाना करा दिया। ज्ञात हो कि उक्त डिवाइडर से टकराकर दर्जनों चार पहिया वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो चुकी है। फिर भी सुधार नहीं हुआ।

नर्मदा नगर में जिस चौक पर हादसा हुआ वहां ट्रैफिक सिग्नल बंद ही रहता है

# रात 1.20 बजे नर्मदा नगर चौक पर दो स्कार्पियो में टक्कर, बलुन खुलने से बाल-बाल बचा ड्राइवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीती रात बीती रात नर्मदा नगर चौक पर दो स्कार्पियो में जबदस्त टक्कर हो गई। हादसे में गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। गाड़ी के सामने का बलून खुलने से ड्राइवर बाल बाल बच गया। उसके सिर, नाक, हाथ, सीने में चोट आई है। पुलिस ने दूसरे स्कार्पियो के चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, ईमलीपारा गली नम्बर 1 निवासी अनुराग पटेल पिता राजेश पटेल रेलवे में लोको पायलट को स्कार्पियो क्रमांक सीजी 10 एएस, 9049 में लाने ले जाने का काम करते हैं। 1 जुलाई की रात वह मंगला चौक से रेलवे स्टेशन जाने के लिए स्कार्पियो से निकले। रात 1.20 बजे नर्मदा नगर चौक पार कर रहे थे, इसी दौरान नेहरू नगर की ओर से तेज रफ्तार में आ रही स्कार्पियो क्रमांक सीजी 13 एटी, 1111 के चालक अमन राज टंडन ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पीछे से उनकी स्कार्पियो को जबरदस्त टक्कर मार दी। गाड़ी रफ्तार इतनी तेज थी कि अनुराग पटेल के स्कार्पियो के सामने का बलून बाहर निकल गया, जिससे वे बाल बाल बच गए। उसके बाद भी उनके सिर, नाक, हाथ व सीने में चोट आई है। वहीं उनके स्कार्पियो के पीछे का टायर फट गया । सूचना पर पुलिस मौके पर जाकर अनुराग को गाड़ी से बाहर निकालकर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर दूसरे स्कार्पियो चालक अमन राज टंडन के खिलाफ बीएनएस की धारा 125 ए, 281 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।



# 20 साल की नौकरी के बाद सिम्स ने 10 लोगों को किया कार्यमुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला अस्पताल के 10 कर्मचारियों को सिम्स प्रबंधन ने 20 साल नौकरी कराकर बिना नोटिस के अचानक कार्यमुक्त कर दिया है। प्रबंधन ने कर्मचारियों को सीएमएचओ कार्यालय में ज्वाइनिंग देने का आदेश दिया है। इनमें से कई कर्मचारी अब रिटायरमेंट की कगार पर हैं। ऐसे में उनके पीएफ और वेतन संबंधी सभी मामले निबटाने की जिम्मेदारी सिम्स प्रबंधन की है लेकिन अब प्रबंधन इस मामले में कुछ भी बोलने से बच रहा है। दूसरी ओर सीएमएचओ ने इन कर्मचारियों को स्वास्थ्य विभाग में लेने से ही इनकार कर दिया है।

सिम्स प्रबंधन ने 20 साल से नौकरी कर रहे स्वास्थ्य सहायक, लैब असिस्टेंट, एएनएम, डार्करूम अटेंडेट सहित अन्य पदों पर कार्य कर रहे 10 लोगों को सीएमएचओ कार्यालय के लिए कार्यमुक्त कर दिया है। ऐसे में 9 कर्मचारियों के वेतन के लाले पड़ने की नौबत आ चुकी है। दरअसल 10 में से एक कर्मचारी 28 जून को ही रिटायर हो चुका है। इन कर्मचारियों की नियुक्त 2001 व 2003 के दरमियान की गई है। तब जिला अस्पताल में कार्यरत इन कर्मचारियों को सिम्स प्रबंधन ने अपनी सेवा के लिए लिया था, वहीं से कर्मचारियों के वेतन और अन्य भत्ते भी बन रहे थे, लेकिन प्रबंधन ने मनमानी करते हुए अचानक कर्मचारियों को बाहर कर रास्ता दिखा दिया है। कर्मचारियों के अनुसार उनकी प्रतिनियुक्ति के बाद सिम्स में संविलियन किया जा चुका है, वहीं स्वास्थ्य सेवाएं से कर्मचारियों को चिकित्सा शिक्षा सेवा में हस्तातरित भी किया गया है, जिसके बाद ही उनके वेतन और भत्ते का भुगतान किया जाता रहा है। खास बात ये है कि इसमें से 3 कर्मचारियों की सेवा महज 5 से 9 माह तक बची हुई है, ऐसे में प्रबंधन ने उन्हें निकालते हुए मामले को उलझा दिया है। इस पूरे मामले में सिम्स प्रबंधन कुछ भी कहने से बच रहा है।

### सीएमएचओ ने ज्वाइनिंग देने से किया इनकार

- जिला अस्पताल से सिम्स में किया गया था संविलियन
- सिम्स में कर्मचारियों का बनता था वेतन और जीपीएफ

### इन कर्मचारियों को हटाया गया

सिम्स के अधीक्षक डॉ सुजीत नायक ने 28 जून को आदेश जारी करते हुए स्वास्थ्य सहायक रविन्द्र तिवारी, लैब असिस्टेंट कु गीता हलदार, एलएचवी दमयंती कश्यप, एएनएम शारदा यादव, एनएनएम वी लक्ष्मी रॉव, डार्करूम अटेंडेट रजनीश कुमार बाघ, कुक बिसाहू राम और रामचन्द्र, मेस सर्वेंट सूरज बाई, क्लीनर संजय गुप्त को सीएमएचओ कार्यालय के लिए कार्यमुक्त कर दिया है।

### सीएमएचओ ने भेजा वापस

सीएमएचओ ने इस संबंध में सिम्स प्रबंधन को पत्र जारी करते हुए कर्मचारियों को ज्वाइनिंग देने से इनकार कर दिया है। पत्र में लिखा गया है कि कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति और संविलियन सिम्स में शासन द्वारा की गई है।जिनका बजट भी प्राप्त है। ऐसे में कर्मचारियों के वेतन और भत्ते की जिम्मेदारी भी सिम्स प्रबंधन को ही लेनी है। खास बात ये है कि 30 जून को स्वास्थ्य सहायक रविन्द्र तिवारी रिटायर हो चुके हैं, 28 की शाम उन्हें आदेश नहीं मिल सका है जबकि 29 और 30 जून को शासकीय छुट्टी थी।

### सिम्स ने 20 साल में नहीं बनाया सेटअप

दरअसल इस पूरे मामले ने सिम्स प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर ही सवालिया निशान लगा दिया है। मामला 2003 से चल रहा है। प्रबंधन इन कर्मचारियों से लगातार काम लेता रहा है, शासन से संविलियन किया गया है और शिक्षा सेवाओं से बजट भी पास कराया गया है लेकिन प्रबंधन द्वारा 20 साल में इन कर्मचारियों के लिए सेटअप तैयार कर उसकी स्वीकृति नहीं ली गई है, जिसके कारण मामला बिगड़ा है।

### कर्मचारियों की जिम्मेदारी सिम्स प्रबंधन की

कर्मचारी हमारे पास आए थे, हमारे पास बजट नहीं है। जिसके चलते हम उन्हें ज्वाइनिंग नहीं दे सकते । सिम्स में इतने दिनों तक कर्मचारियों ने काम किया है, उनकी जिम्मेदारी सिम्स प्रबंधन की ही है। ऐसे में उन्हें वापस भेज दिया गया है।

**- डॉ प्रभात श्रीवास्तव,** सीएमएचओ

आयकर के साथ सेंट्रल और स्टेट जीएसटी की टीम गहनता से कर रही जांच

# छत्तीसगढ़ में 100 करोड़ से ज्यादा के 2 हजार के नोट नहीं हुए जमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तमाम कोशिशों के बाद भी 2000 के पूरे नोट रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया को वापस नहीं मिले हैं। आरबीआई ने एक जुलाई को नई जानकारी दी है कि छत्तीसगढ़ समेत देशभर में अभी भी 2 हजार के करीब 7581 करोड़ नोट लोगों के पास ही हैं। छत्तीसगढ़ में भी 100 करोड़ से ज्यादा के 2 हजार के नोट जाम हैं। यह नोट कहां हैं अब इसकी पड़ताल भी शुरू कर दी गई है। सेंट्रल और स्टेट जीएसटी की टीम अपनी जांच या छापों के दौरान इस बात की भी जानकारी निकालेगी कि 2000 के नोट बड़े कारोबारी या उद्योगपतियों के पास तो नहीं हैं।

ज्ञात हो कि जब मई 2023 से लेकर सितंबर 2023 तक 2 हजार के नोट बंद करते हुए जमा कराए गए तो छत्तीसगढ़ में करीब 900 करोड़ रुपए के 2 हजार के नोट जमा कराए गए थे। अब आरबीआई का मानना है कि बड़े शहरों से सबसे ज्यादा 2000 के नोट वापस नहीं आए हैं। इसमें छत्तीसगढ़ के दो शहर रायपुर और बिलासपुर शामिल हैं। दोनों शहरों में आरबीआई नागपुर से नोटों की सप्लाई की जाती है। अब कई तरह के ट्रांजेक्शन रिकार्ड के बाद ही दावा किया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ में जो 2000 के नोट थे वे पूरी तरह से बैंकों में जमा नहीं हुए हैं।

### अभी भी जमा कर सकते हैं गुलाबी नोट

आरबीआई के अनुसार अभी भी 2000 के नोट आरबीआई शाखाओं में जमा किए जा सकते हैं। लोग खुद जाकर या डाक से भी पुराने 2000 के नोट जमा कर सकते हैं। नोट चेंज कराने की सुविधा आरबीआई के 19 कार्यालयों करेंसी चेस्ट अहमदाबाद, बंगलुरू, बेलापुर, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, जम्मू, कानपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, नई दिल्ली, पटना और तिरुवनंतपुरम में दी जा रही है। लोग इन शाखाओं में डाक से भी नोट भेज सकते हैं। इसके साथ ही अपने खाते की भी जानकारी देनी होगी, जिसमें आरबीआई जमा किए नोट के बदले की रकम ऑनलाइन ट्रांसफर करेगी।

### चार चेस्ट, 18 बैंक , 72 शाखाएं

गौरतलब है कि बिलासपुर में चार करेंसी चेस्ट हैं। इसमें भारतीय रिजर्व बैंक नागपुर से सीधे नोट पहुंचते हैं। इसमें भारतीय स्टेट बैंक का चेस्टक व्यापार विहार में रामा पोर्ट काम्प्लेक्स में है। इसके अलावा सेंट्रल बैंक का जूना बिलासपुर में, इंडियन बैंक का ईदगाह चौक में और बैंक आफ बड़ौदा का चकरभाठा रहंगी में चेस्ट बैंक है। इन चेस्ट बैंकों के माध्यम से जिले के 18 बैंक की 72 शाखाओं तक करेंसी पहुंचती है।

### पड़ताल शुरू

बड़े शहरों में सबसे ज्यादा नोट जाम, रायपुर और बिलासपुर भी इसमें शामिल





### फैक्ट फाइल

- हर सप्ताह आरबीआई को डिमांड भेजी जाती है।
- लगभग 50 करोड़ की नई करंसी हर सप्ताह आती।
- 30 करोड़ की नई करंसी तो एसबीआई की चेस्ट में आती है।
- पिछले तीन महीने से भी आरबीआई से नई करंसी जारी हो रही।
- इसमें 500 और 100 रुपए के साथ 10 और 20 के नोट पहुंचे हैं।

### तीन साल से नहीं हुई सप्लाई

बैंक अधिकारियों के मुताबिक पिछले तीन सालों से 2 हजार रुपए के नोटों की सप्लाई बिलासपुर में नहीं हुई थी। बैंक अधिकारियों के अनुसार बिलासपुर से जो भी डिमांड भेजे गए उसके हिसाब से जो पैसे नागपुर आरबीआई से भेजे गए इसमें 100, 200 और 500 के नोट अधिक थे। यही कारण है कि 2000 के नोटों की कमी पिछले काफी समय से बाजार में देखी जा रही थी।

### लेनदेन पर आयकर व ईडी की नजर

अधिकारियों ने बताया कि 2000 के नोटों से हो रहे सभी तरह के लेनदेन पर आयकर और ईडी नजर की भी है। इससे जिन लोगों ने घरों पर 2-2 हजार के नोटों के रूप में लाखों रुपए जमा कर रखे हैं, उनके ट्रांजेक्शन पर मई 2023 से निगाह रखी जा रही है। खास तौर पर जिन खातों में अधिक 2 हजार के नोट जमा हुए हैं उनसे पूछा गया है कि यह राशि कहां से आई और बाजार में इसे क्यों नहीं चलाया गया। अधिकारियों के अनुसार यदि इसका प्रूफ है और टैक्स चोरी नहीं की गई तो ही यह राशि बचाई जा सकती है। अन्यथा इसे काली कमाई मानकर कार्रवाई होगी।

### जमा करा सकते हैं 2 हजार के नोट

छत्तीसगढ़ में आरबीआई नागपुर से नोटों की सप्लाई की जाती है। आरबीआई के अनुसार अभी भी 2000 के नोट आरबीआई शाखाओं में जमा किए जा सकते हैं। लोग खुद जाकर या डाक से भी पुराने 2000 के नोट जमा कर सकते हैं। नोट चेंज कराने की सुविधा आरबीआई के 19 कार्यालयों करेंसी चेस्ट में दी जा रही है।

**- ललित अग्रवाल,** समन्वयक बैंकर्स क्लब

## खबर संक्षेप

### दो दिवसीय प्रवास पर पीताम्बरा पीठ पहुंचे महामंडलेश्वर राधे राधे बाबा



**बिलासपुर।** छग सरकार के राजकीय अतिथि महामंडलेश्वर राधे राधे बाबा महाराज अभा संत समिति के संयुक्त राष्ट्रीय महामंत्री रायपुर पहुंचे। यहां उन्होंने विश्व हिंदू परिषद कार्यालय में प्रांत संगठन मंत्री नंददास गंगोतिया से मुलाकात की। 2 जुलाई को आयोजित अभा संत समिति एवं धर्म समाज के बैठक की चर्चा की। इस दौरान अभा संत समिति धर्म समाज के प्रदेश प्रमुख पीताम्बरा पीठाधीश्वर आचार्य डॉ. दिनेश महाराज, प्रदेश अध्यक्ष महामंडलेश्वर सर्वेश्वर दास महाराज आदि संतों की उपस्थिति में आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद महाराज श्री अपने दो दिवसीय प्रवास पर 2 जुलाई की शाम बिलासपुर श्री पीतांबरा पीठ पहुंचकर धार्मिक कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां महाराज श्री का भव्य स्वागत किया गया। पीताम्बरा पीठ में महाराज श्री ने शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव, ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी, श्रीराम का पूजन अर्चन कर दर्शन लाभ प्राप्त किया। कल सुबह वे महामाया माता के दर्शन के लिए रतनपुर प्रस्थान करेंगे।

### एसबीआई ने पेंशनर बाजपेयी के घर पहुंचकर किया सम्मान



**बिलासपुर।** कलेक्टोरेट ब्रांच एसबीआई ने 1 जुलाई को अपना 69 वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर बैंक के योगेश तिवारी ने बताया कि स्थापना दिवस पर पेंशनर्स चंद्रकांति बाजपेयी को उनके निवास जाकर बैंक के अफसरों ने शाल श्रीफल भेंटकर उनका सम्मान किया। इस दौरान बैंक अधिकारियों को श्रीमती बाजपेयी ने एसबीआई द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न ग्राहक सेवाओं की तारीफ की। इसे जनता के लिए उपयोगी व कारगर बताया। उन्होंने अपने 50 साल के अनुभव साझा की। सम्मान करने वालों में अमित पोरवाल, हेमंत शर्मा, योगेश तिवारी शामिल हैं। इस दौरान श्रीमती बाजपेयी के पुत्र रोहित बाजपेयी, डा. विवेक बाजपेयी सहित परिवार के अन्य सदस्य मौजूद थे।

### रेल कर्मचारियों ने जाना अग्निशमन यंत्र का प्रयोग करना



**बिलासपुर।** रेल कर्मचारियों को अग्निशमन उपकरण का प्रयोग करने 10 दिवसीय प्रशिक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में नागरिक सुरक्षा निरीक्षक एमकेएस चौहान ने 1 जुलाई को पार्सल ऑफिस, ओल्ड जोन ऑफिस में कार्यरत कर्मचारियों तथा 2 जुलाई को विद्युत लोको प्रशिक्षण केंद्र उसलापुर में प्रशिक्षु लोको पायलट, सहायक लोको पायलटों को अग्निशमन यंत्र का उपयोग करने का प्रशिक्षण दिया। इस दौरान नागरिक सुरक्षा निरीक्षक श्री चौहान ने सुरक्षा मानकों और अग्निशमन यंत्र का प्रयोग करना बताया। आगजनी के दौरान अग्निशमन यंत्र का प्रयोग करने का प्रदर्शन कर सभी को अभ्यास कराया। आग से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ली जाने वाली सावधानियों के बारे में भी बताया। आग को नियंत्रण नहीं कर पाने की स्थिति में पास के अग्निशमन केन्द्रों को संपर्क करने के लिए हेल्पलाइन नं. 112 को मुंह जुबानी याद रखने की भी सलाह दी।

### डा. सीवी रमन विश्वविद्यालय ने दी संगीता को पीएचडी



**बिलासपुर।** डा. सीवी रमन विश्वविद्यालय ने संगीता पाठक को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनके शोध का विषय विद्यालयी वातावरण का शिक्षकों की पेशेवर प्रतिबद्धता एवं शिक्षक प्रभावशीलता पर प्रभाव का अध्ययन है। इन्होंने अपना शोध कार्य प्रो. डा. रितेश मिश्रा के मार्गदर्शन में पूरा किया। वे डा. दीपक पाठक की पत्नी हैं।

### जूना बिलासपुर व्यापारी संघ के रमेश अध्यक्ष बने



**बिलासपुर।** जूना बिलासपुर व्यापारी संघ का रमेश गुप्ता को नया अध्यक्ष चुना गया है। व्यापारी संघ के पूर्व कार्य समिति का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद 2024 और 2025 के लिए पूज्य सिंधी पंचायत भवन जूना बिलासपुर में बैठक आयोजित की गई। इसमें रमेश गुप्ता को अध्यक्ष चुना गया। बैठक में पूर्व अध्यक्ष अखिलेश गुप्ता ने अपने कार्यकाल से अवगत कराया। पूर्व कोषाध्यक्ष बलराम हरियाणी ने पिछले कार्यकाल में हुए खर्चों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। नए अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने सभी व्यापारियों का आभार व्यक्त करते हुए आने वाले वर्षों में सहयोग की अपील की।

### डाक घरों से नि:शुल्क कराएं आधार अपडेशन-एनरोलमेंट

**बिलासपुर।** आधार एनरोलमेंट एवं अद्यतनीकरण सेवा के संबंध में डाकघरों में आधार अपडेशन से संबंधित सेवाएं प्रारंभ की गई है। प्रधान डाक घर अधीक्षक ने बताया कि भारतीय डाक विभाग एवं यूआईडीएआई के सहयोग से अब डाकघरों के माध्यम से आधार पंजीयन, अद्यतनीकरण कार्य संभाग के चुनिंदा डाकघरों में किया जा रहा है, जिसमें जिला मुख्यालयों में स्थित प्रधान डाकघर, मुख्य डाकघरों सहित बिलासपुर, कोरबा, जांजगीर, चाम्पा पेंड्रा, पेंड्रा रोड, करगी रोड, मुंगेली, लोरमी, कोनी, बिलासपुर रेलवे स्टेशन, बिल्हा, सक्ती, चंद्रपुर, जमनीपाली, बाल्को नगर, बांकी मोंगरा, मालखरोदा, कोरबा कॉलरी में यह सुविधा उपलब्ध है।

**प्रोजेक्ट्स पर ध्यान** — स्पोर्टस काम्पलेक्स, मिनोचा कालोनी सड़क, टाउनहाल व सिम्स सौंदर्यीकरण कार्य 31 जुलाई तक पूरा करने की मोहलत

# स्मार्ट सिटी को एक्सटेंशन मिलते ही निर्माण कार्य देखने निकले कमिश्नर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

केन्द्र सरकार ने स्मार्ट सिटी फेज 1 को एक साल का और एक्सटेंशन प्रदान किया है। एक्सटेंशन मिलने के बाद मंगलवार को स्मार्ट सिटी के एमडी नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार ने शहर में स्मार्ट सिटी तहत चल रहे प्रोजेक्टस, कार्यों का निरीक्षण किया।

कमिश्नर ने सभी अधूरे निर्माण कार्यों को तेज गति से करते हुए शीघ्र पूरा करने के निर्देश अधिकारियों व संबंधित ठेकेदारों को दिए हैं। इसके साथ ही संजय तरण पुष्कर परिसर में बनाए जा रहे स्पोर्टस काम्पलेक्स, मिनोचा कालोनी सड़क व गार्डन, टाउनहाल नवीनीकरण एवं सिम्स सौंदर्यीकरण के कार्यो को 31 जुलाई तक पूरा कर हैंडओवर करने के निर्देश दिए हैं।

स्मार्ट सिटी एमडी निगम कमिश्नर अमित कुमार ने मंगलवार की सुबह स्मार्ट सिटी योजना तहत चल रहे निर्माणाधीन कार्यो का निरीक्षण किया। कमिश्नर ने सबसे पहले संजय तरण पुष्कर परिसर में स्पोर्टस काम्पलेक्स के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। यहां लगभग 90 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है और फिनिशिंग कार्य को 31 जुलाई तक पूरा करने कहा गया है। यहां एसीपी



निर्माण कार्यों का जायजा लेते निगम कमिश्नर।

वर्क, बैंडमिटन कोर्ट का कार्य, सड़क, बाऊंड्रीवाल और रंगरोगन के कार्य शामिल हैं। इसी तहर मिनोचा कालोनी के पास अतिक्रमण को हटाकर बनाई गई नई सड़क के किनारे फूटपाथ और ड्रेनेज सिस्टम, नाली के ऊपर स्लैब और डिवाईडर में बनाए जाने वाले मिनी उद्यान के कार्य को भी 31 जुलाई तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा रोड के बीच में लगे बिजली के पोल को शिफ्ट करने सीएसईबी से समन्वय कर जल्द प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए तथा सड़क से मलबा हटाने को भी कहा। ऐतिहासिक टाउनहाल को स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत उन्नयन कर संवारने का कार्य किया जा रहा है, जिसके तहत पुरातत्व संग्रहालय वाले भवन को तेज गति से सुधारने और नवीनीकरण करने के निर्देश दिए। सिम्स में चल रहे सौंदर्यीकरण कार्य के अंतिम चरण को पूरा करने के निर्देश दिए और सिम्स मार्ग में जारी अंडरग्राउंड केबलिंग कार्य में भी तेजी लाने के निर्देश दिए तथा बिजली के पोल को शिफ्ट करने के लिए सीएसईबी से समन्वय स्थापित कर कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने पचरीघाट के पास बनाए जा रहे एसटीपी कार्य और शिव टाकिज मार्ग में जारी ड्यूल पाइपिंग प्रोजेक्ट कार्य का जायजा लिया। इसी तरह पुराना बस स्टैंड में आटोमेटेड शटल टाइप मल्टीलेवल पार्किंग और इमलीपारा जंक्शन एवं काम्पलेक्स निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया।

**अटल यूनिवर्सिटी :** एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि आज

# फर्स्ट ईयर में प्रवेश के लिए 26 हजार छात्रों ने कराया 70 हजार रजिस्ट्रेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी द्वारा नए सत्र में कालेजों में यूजी फर्स्ट ईयर में एडमिशन के लिए आनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया जा रहा है। अटल यूनिवर्सिटी के पोर्टल में फर्स्ट ईयर में एडमिशन के लिए 26 हजार स्टूडेंट्स ने 70 हजार रजिस्ट्रेशन कराया है। इसमें स्टूडेंट्स ने अलग-अलग पाठयक्रमों और अलग-अलग कालेजों के लिए आनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया है। इससे आनलाइन रजिस्ट्रेशन का आंकड़ा 70 हजार पहुंच गया है जबकि रजिस्ट्रेशन कराने वाले छात्रों की संख्या 26 हजार ही है। वहीं यूनिवर्सिटी ने रजिस्ट्रेशन की तिथि एक दिन बुधवार तक बढ़ा दी है।

यूनिवर्सिटी द्वारा 18 जून से अपने पोर्टल में आनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू कराया गया था और 2 जुलाई तक आनलाइन रजिस्ट्रेशन होना था, उसके बाद कालेजों को लिस्ट भेजी जाती। लेकिन पोर्टल में तकनीकी खामियों के चलते वंचित छात्रों को अवसर देने आनलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए एक दिन बढ़ा दिया है और अब फ्रेशर स्टूडेंटस बुधवार तक यूनिवर्सिटी के पोर्टल में आनलाइन रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। मंगलवार की शाम तक फर्स्ट ईयर में एडमिशन पाने के लिए 26 हजार स्टूडेंटस आनलाइन रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। इस तरह से अभी तक जो फ्रेशर स्टूडेंटस अटल यूनिवर्सिटी के पोर्टल में अपना रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है, उनके लिए बुधवार तक अवसर है। इसके बाद बुधवार की रात बारह बजे यूनिवर्सिटी द्वारा कालेजों को आनलाइन लिस्ट भेज दी जाएगी, जिसमें मेरिट निकालकर कालेजों द्वारा एडमिशन के लिए पहली लिस्ट निकाली जाएगी।



### पहले संशोधित हो चुका एकेडमिक कैलेंडर

उच्च शिक्षा विभाग ने पहले इस सत्र के लिए जो एकेडमिक कैलेंडर जारी किया गया था, उसके अनुसार 18 जून से आनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हुआ था और 8 जुलाई रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि थी। लेकिन बाद में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के तहत संशोधित एकेडमिक कैलेंडर जारी किया गया, जिसके अनुसार यूजी फर्स्ट ईयर में एडमिशन के लिए 2 जुलाई तक आनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना था और 3 जुलाई को पहली लिस्ट निकलनी थी। लेकिन अब यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रेशन के लिए 3 जुलाई तक तिथि बढ़ा रही है और उसके अगले दिन पहली लिस्ट कालेजों को निकालनी होगी।

### एक दिन आगे बढ़ाई रजिस्ट्रेशन की डेट

यूजी फर्स्ट ईयर में एडमिशन के लिए आनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि पहले 2 जुलाई थी, जिसे अब एक दिन आगे बढ़ाया जा रहा है। दरअसल तकनीकी कारणों से कई स्टूडेंट्स रजिस्ट्रेशन नहीं करा पाए थे। अभी तक 26 हजार स्टूडेंट्स आनलाइन रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं।

**-शैलेन्द्र दुबे,**
रजिस्ट्रार, एयू

### कई स्कूलों में अब तक नहीं हो पाया शाला प्रवेशोत्सव

**बिलासपुर।** गर्मी की छुट्टी के बाद 26 जून से स्कूल खुल गए हैं। राज्य शासन ने जिला प्रशासन और स्कूल शिक्षा विभाग के अफसरों को शाला प्रवेसोत्सव कराने का निर्देश भी दिया है। लेकिन अभी तक कई स्कूलों में शाला प्रवेसोत्सव हीं नहीं मना है। यहां तक की स्कूल खुले 6 दिन बीत जाने के बाद भी अब तक कई स्कूलों में शिक्षक ही नहीं आ रहे हैं। बच्चे भी गिने चुने पहुंच रहे हैं। अब जिला स्तर पर शाला प्रवेशोत्सव करने जिला शिक्षा अधिकारी टीआर साहू जिले के प्रभारी मंत्री से समय देने चिट्ठी लिख रहे हैं। ताकि जिला स्तर पर प्रवेशोत्सव मनाया जा सके। इसके अलावा स्कूल खुलने के सप्ताहभर बाद भी जिले के 761 जर्जर स्कूलों की मरम्मत नहीं हो पाई है। 283 से अधिक खंडहर स्कूलों को ढहाया नहीं गया है। इन्ही स्कूलों में बारिश के दौरान तपकती हुई छत के नीचे जान को जोखिम में डाल पढ़ाई करने के लिए बच्चे मजबूर हो रहे है।

■ गिनती के बच्चे पहुंच रहे स्कूल

#### प्राचार्य नहीं दे पा रहे जानकारी

स्कूल खुलने के साथ ही किताब-ड्रेस के साथ ही सरस्वती सायकल योजना के तहत 9 कक्षा की छात्राओं को सायकल भी देना है। लेकिन अभी तक प्रायार्य डीईओ कार्यालय को स्कूल में दाखिल बच्चों की जानकारी ही नहीं भेज पाए हैं। अफसरों की मानें तो अभी सायकल के लिए शासन स्तर पर टेंडर भी नहीं हुआ है। ऐसे में कब सायकल की खेप जिले में पहुंचेगी और कब इसका वितरण होगा ये भी अफसर नहीं बता पा रहे हैं।

#### जिला स्तर पर होगा कार्यक्रम

जिला स्तर पर जल्द ही मल्टीपर्पज स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम मनाया जाएगा। इसके लिए प्रभारी मंत्री से समय लिया जा रहा है। संभवतः 6 जुलाई को कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। स्कूलों में बच्चों की जानकारी अभी प्राचार्यों द्वारा नहीं दी जा रही है। सरस्वती सायकल योजना के तहत सायकल ही नहीं पहुंची है।

**-टीआर साहू,** डीईओ बिलासपुर।

**230 क्विंटल अधिक धान जब्त**

# जेठू बाबा इंडस्ट्रीज में फूड अफसरों ने मारा छापा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

फूड अफसरों ने राइस मिल में छापामार कार्रवाई करते हुए स्टाक से 230 क्विंटल अधिक धान पाए जाने पर उसे जब्त कर लिया है। साथ ही कस्टम मिलिंग चावल जमा करने में लापरवाही बरतने के आरोप में संबंधित राइस मिल संचालक पर कार्रवाई की है। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान के उठाव बाद कस्टम मिलिंग चावल जमा करने जिले के समस्त राइस मिलर्स की समीक्षा बैठक कलेक्टर अवनीश शरण की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी।

■ चावल जमा करने में की लापरवाही मिल संचालक पर कार्रवाई

बैठक में अनुबंधित सभी राइस मिलर्स को समय-सीमा में अनुपातिक चावल भारतीय खाद्य निगम एवं नागरिक आपूर्ति निगम में जमा करने निर्देशित किया गया था। ऐसे मिलर्स जिनके द्वारा कस्टम मिलिंग के चावल जमा करने में लापरवाही बरती जा रही है के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए थे। उपरोक्त निर्देश के परिपालन में 2 जुलाई को जेठू बाबा इंडस्ट्रीज बहतराई बिलासपुर का निरीक्षण किया गया। इसमें खाद्य विभाग के सहायक खाद्य अधिकारी अजय मौर्य, खाद्य निरीक्षक श्याम वस्त्रकार एवं धीरेन्द्र कश्यप शामिल थे। जांच में मिल संचालक द्वारा कस्टम मिलिंग चावल 'जमा करने में उदासीनता पाई गई। मिल परिसर का भौतिक सत्यापन करने पर धान की मात्रा में अनियमितता करना पाया गया। जिसमें मिल में संधारित अभिलेख अनुसार 34545 क्विंटल धान उपलब्ध होना चाहिए था, जबकि जांच में मौके पर 34775 क्विंटल धान मिला। इस प्रकार मौके पर 230 क्विंटल धान अधिक होना पाया गया, जिसे मौके पर संचालक से जब्त करते हुए स्वयं संचालक की सुपुर्दगी में दिया गया। इस प्रकार मिल संचालक ने 713000 रुपए शासकीय मूल्य के धान के रख-रखाव में अनियमितता करना प्रमाणित होता है। मिल संचालक का उपरोक्त कृत्य छग चावल उपार्जन आदेश 2016 के प्रावधान का उल्लंघन है। आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत दण्डनीय हैं। उपरोक्त गड़बड़ी के संबंध में प्रकरण निर्मित कर कलेक्टर कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

कलेक्टर के निर्देशानुसार निर्धारित अवधि में चावल जमा नहीं करने वाले एवं सीएमआर कार्य में लापरवाही बरतने वाले मिलर्स के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## कॉलोनियों में अंधेरा, टूटी नाली व गड्ढों से लोग परेशान

**बिलासपुर।** पहली बारिश ने ही शहर की हालत खराब कर दी है। कहीं स्ट्रीट लाइट बंद है, तो कहीं सड़क के गड्ढे लोगों की मुश्किलें बढ़ा रहे हैं।

नर्मदा नगर से लगे शांति नगर में जगह-जगह नालियां टूटी हुई है। शिवम हाइट्स के पास सड़क पर नालियों का पानी बह रहा है। जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। नागरिक बताते हैं कि निर्माण के लिए राशि स्वीकृत हो गई है लेकिन अभी तक निर्माण शुरू नहीं हुआ है। अब बारिश में फिर चार माह लोग परेशान होंगे। बारिश का मौसम अभी शुरू हुआ है और शहर की कॉलोनियों में अंधेरा होने लगा है। नर्मदा नगर में गार्डन और स्ट्रीट लाइट पिछले 15 दिन से बंद है। नगर निगम के हेल्पलाइन में शिकायत करने पर खंबे का नंबर पूछा जाता है, इससे आगे कार्रवाई आगे नहीं बढ़ती। इसी तरह की हालत जेपी हाइट्स की है। यहां के निवासियों के निवेदन पर जोन कमिश्नर ने इलाके का मुआयना कर फंड के अभाव में सड़क सुधरवाने में असमर्थता जताते हुए दूसरी तरफ नाली बनवाने, स्ट्रीट लाईट बढ़ाने का आश्वासन दिया। लेकिन आज सड़को में पानी भरा है तथा स्ट्रीट लाईट भी बंद। बच्चों, बुजुर्गों व महिलाएं खास कर कोचिंग कर लौट रही लड़कियों को काफी परेशानी हो रहीं हैं। पूरे शुभमविहार में लाईट हैं। केवल शिवमंदिर मार्ग में अंधेरा छाया हैं। अब लोग कह रहे हैं कि कहीं शिकायत करने का खामियाजा तो नहीं भुगतना पड़ रहा है।

**जेपी हाइट्स अंधेरे में डूबा**



**शांति नगर की सड़क खराब**



### अनुकम्पा नियुक्ति के पूर्व मंगाई दावा-आपत्ति

**बिलासपुर।** डीईओ ने अनुकम्पा नियुक्ति के लिए प्राप्त आवेदनों की छानबीन के क्रम में 7 दिवस के भीतर आमजनता से दावा आपत्ति मंगाई है। फिलहाल 2 आवेदकों ने अनुकम्पा नियुक्ति के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। डीईओ ने बताया कि कोटा ब्लाक के शाप्रा. शाला मोहदा में प्रधान पाठक के पद पर कार्यरत स्व. शैल कश्यप के पुत्र धीरेन्द्र कश्यप एवं मस्तूरी ब्लाक के शापूर्वमा शाला लावर में भृत्य के पद पर कार्यरत स्व. अमन मिरी की बहन अमिषा मिरी ने अनुकम्पा नियुक्ति के लिए आवेदन दिया है। यदि दिवंगत शासकीय सेवकों के आश्रित परिवारों में यदि कोई सदस्य राज्य अथवा केन्द्र की शासकीय सेवा में कार्यरत होने की सूचना है, तो वे सात दिवस के भीतर डीईओ कार्यालय में जानकारी दे सकते हैं।

**एजुकेशन प्लस**

### चौकसे कॉलेज में बीएससी अंतिम वर्ष की परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत

■ कॉलेज के छात्र हर साल दे रहे अपना बेहतर परफार्मेंस



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर से संबद्ध एवं यूजीसी 2- एफ से मान्यता प्राप्त चौकसे कॉलेज ऑफ़ साइंस एंड कॉमर्स द्वारा सत्र 2023-24 बीएससी अंतिम वर्ष की परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया है।

महाविद्यालय के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम गत वर्ष की तरह इस बार भी शत प्रतिशत रहा। सारे विद्यार्थी अच्छे अंकों के साथ प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। बीएससी अंतिम वर्ष में वैष्णवी केवट ने 79.83% लाकर प्रथम रही। द्वितीय पूर्वी ध्रुव 77.4% एवं कुमारी किरण ने 76.16% के साथ तृतीय रही।

विद्यार्थियों के इस उपलब्धि पर चौकसे ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के प्रबंध निदेशक डा. आशीष जायसवाल एवं प्राचार्य डॉ.मंतोष कुमार सिन्हा ने विद्यार्थियों को उनकी शानदार सफलता के लिए बधाई दी एवं इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है ।

**13 को नेशनल लोक अदालत, चीफ जस्टिस सिन्हा ने तैयारी की ऑनलाइन समीक्षा की**

# लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों का करें निराकरण : चीफ जस्टिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नेशनल लोक अदालत 13 जुलाई को लगाई जाएगी। हाईकोर्ट सहित तहसील न्यायालय, राजस्व न्यायालयों में एक साथ इसका आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी बैठक की अध्यक्षता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एवं मुख्य संरक्षक छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण रमेश सिन्हा ने वीडियो कान्फ्रेंस से की। बैठक में न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी, न्यायमूर्ति संजय के अग्रवाल ने संयुक्त रूप से छग उच्च न्यायालय से वीडियो कान्फ्रेसिंग से समस्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष, सचिव, फैमिली कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश, न्यायाधीश, स्थायी लोक अदालत के चेयरमैन, सीजेएम, लेबर जजों की बैठक लेकर लोक अदालत की तैयारी की समीक्षा की। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने सभी न्यायाधीशों से आगामी नेशनल लोक अदालत में सिविल, आपराधिक एवं अन्य राजीनामा योग्य प्रकरणों को अधिक से अधिक संख्या में चिन्हांकित कर निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने न्यायालयों में 5 वर्ष एवं 10 वर्ष से अधिक समय से लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई। बैंक एवं अन्य वित्तीय संस्थाओं, विद्युत वितरण कंपनियों, बीएसएनएल, बीमा कंपनियों एवं अन्य के द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले प्री-लिटिगेशन आवेदनों के पक्षकारों की प्री-सिटिंग कराकर अधिक-से-अधिक प्री-लिटिगेशन मामलों के निराकरण की आवश्यकता बताई । उन्होंने कहा कि पक्षकारों की सहमति से एवं विधि अनुसार अधिक से अधिक राजीनामा योग्य मामलों का निराकरण करने के लिए लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है। श्री सिन्हा ने उच्चतम न्यायालय में 29 जुलाई से 3 अगस्त तक विशेष लोक अदालत के आयोजन की महत्वपूर्ण पहल पर उच्चतम न्यायालय द्वारा छग राज्य से संबंधित चिन्हांकित प्रकरणों में राजीनामा की संभावनाओं पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों द्वारा की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की।



#### टीम वर्क के साथ काम करना होगा

छग उच्च न्यायालय एवं छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यपालक अध्यक्ष न्यायाधीश गौतम भादुड़ी ने समस्त न्यायाधीशों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें लोक अदालतों में पूर्ण उत्साह से योगदान देने का आहवान किया। न्यायिक अधिकारियों से टीम वर्क के साथ कार्य करने कहा । साथ ही पिछली लोक अदालत में निराकरण प्रकरणों की संख्या को बढ़ाने कहा। छग उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति संजय के अग्रवाल ने भी ज्यादा से ज्यादा संख्या में मामलों को चिन्हांकित कर उन्हें विधि अनुसार निराकृत करने पर जोर दिया।

#### सभी न्यायालयों में होगा आयोजन

अवगत हो कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा), नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2024 के लिए निर्धारित कैलेण्डर अनुसार आगामी नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 जुलाई को किया जा रहा है। यह लोक अदालत उच्च न्यायालय से लेकर तहसील न्यायालयों के साथ साथ राजस्व न्यायालयों में भी आयोजित किया जा रहा है।

### नि:शुल्क निबंध स्पर्धा पौधारोपण 21 को

**बिलासपुर।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच पं.चन्द्रशेखर आजाद की 118 वीं जयंती पर 21 जुलाई को नि:शुल्क निबंध प्रतियोगिता एवं पौधारोपण करने का निर्णय लिया है। मंच के प्रदेश संगठन सचिव पं.सुदेश दुबे ने बताया कि 23 जुलाई को पं.चन्द्रशेखर आजाद की 118 वीं जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर मंच द्वारा नवनिर्मित आशीर्वाद भवन लोखंडी में भगवान परशुराम मंदिर परिसर में पौधारोपण किया जाएगा। आजाद के जीवनी पर समाज के हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के पूर्व माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक के विद्यार्थियों के लिए नि:शुल्क निबंध प्रतियोगिता बिलासपुर प्रकाशन परिसर मध्यनगरीय चौक बिलासपुर में 21 जुलाई को आयोजित किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगी। विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय,तृतीय एवं प्रोत्साहन पुरस्कार दिए जाएंगे। आयोजन की तैयारी मंच द्वारा की जा रही है।

2- JULY- BSP- PG-3 ZINDAGI_Layout 1 7/3/2024 12:56 AM Page 1

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, बुधवार 3 जुलाई 2024
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255

# नाट्य समारोह के समापन पर 'चरणदास चोर' का मंचन

अग्रज नाट्य दल के तत्वावधान में तीन दिवसीय योगेश स्मृति नाट्य समारोह का आयोजन सिम्स आडिटोरियम में किया गया। इसका समापन मंगलवार को हबीब तनवीर के चरणदास चोर के सफल मंचन से हुआ। नाटक देखकर दर्शक काफी मंत्रमुग्ध हुए।



योगेश स्मृति में तीन दिवसीय समारोह का आयोजन, दर्शक हुए मंत्रमुग्ध





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आयोजकों ने बताया कि 40 दिवसीय कार्यशाला के बाद तैयार हुए नाटकों में से इस नाटक में लगभग 45 कलाकारों ने प्रस्तुति दी। पंथी गीत, राउत नाचा, सुआ गीत, भजन आदि लोक संगीत और नृत्य से परिपूर्ण इस नाटक में चरणदास नामक चोर की कथा है। यह एक आदर्श चोर रहता है लेकिन मस्ती में अपने गुरु के सामने चार कसम ले लेता है जो उसकी जिंदगी में होने की कोई संभावना नहीं है, परंतु कहानी में ड्रामेटिक चेंज आता है। चोर के जीवन में वही सब बातें होती है पर वह अपने गुरु से सत्य बोलने का वादा सहित सारी कसमें निभाता है। रानी के विवाह प्रस्ताव को ठुकराने के बाद उसे मौत की सजा मिलती है। पूरी कहानी 6 दृश्यों में बंटी हुई थी। हवलदार और चोर की चुहलबाजी, गुरु दक्षिणा, सेतुआ वाला और मालगुजार, खजाने की चोरी, दरबार, रानी का प्रस्ताव आदि शामिल रहा। नाटक के निर्देशक सुनील चिपड़े ने इस नाटक को नए रंग में प्रस्तुत किया। जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया। उनके द्वारा तालियां की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया जाता रहा।

## लय, ताल के साथ सिखाई गई संवाद अदायगी

कार्यशाला की संयोजिका और संगीत प्रशिक्षिका चम्पा भट्टाचार्य ने बताया कि हर वर्ष अग्रज नाट्य दल द्वारा कार्यशाला आयोजित की जा रही है, लेकिन इस वर्ष 40 दिन की लंबी कार्यशाला आयोजित की गई। जिससे नई पीढ़ी नाटक के बारे में जान और अभिनय की बारीकियों को समझ सके। इसके लिए कार्यशाला के माध्यम से स्वर, अभ्यास, सुर, लय ताल, रिदम के साथ संवाद अदायगी सिखाई गई। जिससे सभी का व्यक्तित्व विकास हो पाया। अतिथि योगेंद्र चौबे विभागाध्यक्ष नाट्य विभाग इंदिरा कला संगीत महाविद्यालय खैरागढ़ ने इस आयोजन को सराहनीय बताया और कहा कि इस तरह के आयोजन से कला प्रतिभाएं सामने आती है।



## ये रहे प्रतिभागी कलाकार

नाटक के प्रतिभागी कलाकारों में चरणदास तारकेश्वर यादव, हवलदार श्री कुमार, गुरुदेव भारत शंकर आचार्य, रानी दाई मानसी सारथी, राज पुरोहित ललित साहू, मालगुजार कुमार मनीष, ब्रिज शशांक देवांगन, पुजारी प्रवीण माथुर, मंत्री आशुतोष मिश्रा, सेतुवा वाला क्षितिज महोबिया, उदयराम अतुल चंद्रवंशी, गंजेड़ी निवेश तावड़कर, जुआरी जय सेन, दासी की भूमिका में अलंकृता मिश्रा, उर्मिला सिंह, सृष्टि बंसल रही। वहीं गायन मंडली में अपूर्वा बिबे, श्रीयल अग्रवाल, श्रुति सिंह राजपूत, अजिता ओजस्वनी कौशिक, अलका, अर्चना मिश्रा, दामिनी बंजारे, राउत नाच दल में जय सेन, स्टेलिन कुमार, नौशाद खान, राजीव नयन, अंकित गांधी शामिल रहे। निर्देशक सुनील चिपड़े थे। संगीत चंपा भट्टाचार्य, उमेश सिहोते का रहा। संगीत मंडली में हितेंद्र वर्मा, भुवनेश्वर यादव, आशीष यादव, सेट, प्रॉपर्टी रमाकांत सोनी, अरुण भांगे, क्षितिज महोबिया, कॉस्ट्यूम अरुण भांगे, अपूर्वा बिबे, भारत शंकर आचार्य, उर्मिला सिंह, श्रुति सिंह राजपूत, मेकअप, अरुण भांगे सृष्टि बंसल, अलंकृता मिश्रा, मानसी सारथी,श्रीयल अग्रवाल, श्रुति सिंह राजपूत, कुमार मनीष, तारकेश्वर यादव, अजिता, ओजस्वनी कौशिक, उर्मिला सिंह, पूजा केंवट, अनीश श्रीवास, अरुण भांगे शामिल रहे।

# आज से उदय होंगे शुक्र, 9 से शादियों का मुहूर्त

साल में बारह माह पड़ता है। हर माह का अपना एक अलग महत्व होता है। सभी माह में पारंपरिक पर्वों, त्यौहारों की भरमार रहती है। माह जुलाई भी इसी में शामिल है। इस माह में योगिनी एकादशी, दिण्डी यात्रा, रथयात्रा, गुरु पूर्णिमा, सावन सोमवार सहित कई विशेष दिन पड़ रहा है। इन पर्वो, तिथि वार पर पूजा, पाठ, अभिषेक की धूम रहेगी। बुधवार 3 जुलाई को शुक्र तारा उदय होने के साथ ही 9 से 17 जुलाई तक शुभ मुहुर्त होने के कारण शहनाई की गूंज होगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मंगलवार को मोहिनी एकादशी पर मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई। कई लोगों ने व्रत रख कर भगवान विष्णु, माता लक्ष्मी के प्रति आस्था जताई। बुधवार 3 जुलाई को प्रदोष व्रत, 4 जुलाई को शिव चतुर्दशी व्रत, 5 जुलाई हो हरहारिणी अमावस्या पड़ रहा है। 6 जुलाई को गुप्त नवरात्रि आरंभ हो रही है। इस दौरान देवी मां की विधि विधान से पूजा की जाएगी। 10 महाविधाओं की साधना की जाएगी। सभी देवी मंदिरों में इसकी तैयारियां शुरू हो गई है। इस बार नवरात्रि के समय चतुर्थी दो दिन का होने के कारण गुप्त नवरात्रि 10 दिन की रहेगी। पुरी शंकराचार्य पूज्यपाद स्वामी श्री निश्चलानन्द सरस्वती महाराज का 82 वॉ प्राकट्य महोत्सव 4 जुलाई को राष्ट्रोत्कर्ष दिवस के रूप में पूरे राष्ट्र में मनाया जाएगा। इस दौरान भजन कीर्तन, रुद्राभिषेक, हनुमत आराधना, विभिन्न सेवा प्रकल्पों द्वारा पौधरोपण, अनाथालय, अस्पताल में फल वितरण, गोशाला में सेवा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी पीठ परिषद्, आदित्य वाहिनी-आनंद वाहिनी, सुदर्शन संस्थान की ओर से दी गई।

## होगी शहनाई की गूंज, हर तिथि का अपना है अलग महत्व



### रथयात्रा के दिन बन रहा रवि पुष्य योग

रेल्वे परिक्षेत्र स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर से 7 जुलाई बाजे-गाजे के साथ भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। इस दिन रवि पुष्य योग का महासंयोग बन रहा है। जुलाई माह में शादियों के लिए भी शुभ मुहुर्त है। इससे बाजार में जमकर खरीददारी भी होगी। रथयात्रा के लिए रथ का रंग-रोगन व सजाने का काम आरंभ हो गया है।

### 17 को निकाली जाएगी दिण्डी यात्रा

9 जुलाई को विनायकी चतुर्थी के दिन सिद्धि विनायक गणेश भगवान की विशेष पूजा की जाएगी। 15 जुलाई को भड़ली नवमीं का भी विशेष महत्व है। 17 जुलाई को देवशयनी एकादशी के बाद मांगलिक कार्यो में विराम लग जाएगा। श्री राम मंदिर तिलक नगर द्वारा बुधवार 17 जुलाई को सायं 5 बजे देवशयनी एकादशी निमित्त सभी मंदिरों को दर्शन देने हेतु दिण्डी यात्रा निकाली जाएगी जो मंदिर से निकलकर पार्षद गली, शिव हनुमान मंदिर, विट्ठल मंदिर से मुख्य मार्ग होते हुए वेंकटेश्वर मंदिर, लक्ष्मी नारायण मंदिर, सीताराम मंदिर, राजाराम मंदिर, गोड़पारा, पचरी घाट, शनिचरी से होते हुए जूना बिलासपुर जगन्नाथ मंदिर, मां काली मंदिर, घोघा बाबा मंदिर से दर्शन देते हुए पुनः राम मंदिर पहुंचेगी। अंत में आरती कर प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

### गुरु पूर्णिमा पर होगा विशेष पूजन

21 जुलाई को गुरू पूर्णिमा को गायत्री शक्तिपीठ विनोबानगर सहित अन्य सभी गायत्री प्रज्ञा पीठों में गुरु का विशेष पूजन किया जाएगा। विनोबा नगर गायत्री मंदिर में पूर्णिमा के एक दिन पहले सामूहिक अखंड जप एवं गुरु पूर्णिमा के दिन सुबह 8 से 12 बजे तक 9 कुण्डीय गायत्री यज्ञ किया जाएगा। स्कूल, कॉलेजों में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### 22 जुलाई से होगी भोलेनाथ की आराधना

22 जुलाई से सावन सोमवार लग रहा है। इस दिन से पूरे माह भर शहर में भोलेनाथ की आराधना की जाएगी। शिवालयों में प्रति सोमवार के साथ ही हर दिन विशेष पूजा कर जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक किया जाएगा। लोग व्रत रख कर महादेव भगवान को खीर-पुड़ी का प्रसाद चढ़ाएंगे। भजन-कीर्तन का दौर चलेगा। वहीं 23 जुलाई को मंगला गौरी व्रत, 24 जुलाई को शीतला सप्तमी एवं 31 जुलाई को कनिका एकादशी के साथ माह का समापन होगा।

## एजुकेशन अपडेट

# इग्नू में प्रवेश व पुनः पंजीकरण की अंतिम तिथि अब 15 जुलाई

बिलासपुर। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग प्रवेश के लिए पंजीकरण की समय सीमा बढ़ा दी है। योग्य उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट- ignouadmission.samarth.edu.in पर जाकर ओडीएल और ऑनलाइन कार्यक्रमों के लिए पंजीकरण कर इससे पहले इग्नू ओडीएल प्रवेश के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 जून थी। इग्नू ने सोशल साइट एक्स पर पंजीकरण की समय सीमा बढ़ाने की घोषणा की। इसमें कहा गया है कि जुलाई 2024 सत्र के लिए ओडीएल/ऑनलाइन मोड में पेश किए गए सभी कार्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2024 तक बढ़ा दी गई है। प्रवेश की पुष्टि के बाद योग्य छात्र राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर भारत सरकार की छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी क्षेत्रीय केन्द्र, रायपुर में स्वयं उपस्थित होकन इग्नू के हेल्प डेस्क पर कर्मचारियों से संपर्क कर सकते हैं। अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्रों के लिए बीए, बीकॉम व बीएससी में निःशुल्क नामांकन का प्रावधान है।



### सहायक ग्रेड-3 के आवेदन प्रारंभ सिविल जज के पोर्टल भी खुले

व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा बिलासपुर उच्च न्यायालय के अंतर्गत सहायक ग्रेड-3 के लिए आवेदन प्रारंभ कर दिए गए हैं। इसके लिए पंजीयन 2 से 16 जुलाई तक किया जा सकेगा। प्रथम स्तर की लिखित परीक्षा का आयोजन 28 जुलाई को किया जाएगा। इसके पूर्व प्रवेशपत्र 22 जुलाई को जारी किए जाएंगे। वहीं पीएससी ने सिविल जज परीक्षा के लिए आवेदन पोर्टल दोबारा खोल दिया है। पहले इसके लिए आवेदन 13 से 28 जून तक मांगे गए थे। अब 2 और 3 जुलाई का अतिरिक्त समय दिया गया है।

## सम्मान

# पंजाबी युवा समिति ने किया समाज के प्रतिभावान बच्चों का सम्मान



बिलासपुर। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा दयालबंद में पंजाबी युवा समिति द्वारा इस वर्ष भी समाज के प्रतिभावान बच्चों का सम्मान किया गया। इसमें दसवीं एवं 12वीं की वार्षिक परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले बच्चों को मोमेंटो एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। बिलासपुर एवं आसपास क्षेत्र के बच्चों ने अपनी मार्कशीट जमा कर यह सामान प्राप्त किया। सम्मान गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा दयालबंद में किया गया, जिसमें पंजाबी युवा समिति एवं गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सभी सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेष रुप से गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष मनदीप सिंह गंभीर, सचिव अमरजीत सिंह दुआ, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह छाबड़ा, सह सचिव डा चरनजीत सिंह गंभीर, पूर्व अध्यक्ष जोगेन्दर सिंह गंभीर, पूर्व अध्यक्ष त्रिलोचन सिंह अरोरा, सोनू गांधी, अंशू अजमानी, गुरदीप सिंह विशेष रुप से उपस्थित रहे। मंच संचालन गुरदीप सिंह अजमानी एवं मनदीप सिंह गंभीर ने किया।

**90 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले बच्चों का किया सम्मान**

## आयोजन

# लायंस क्लब क्लासिक प्लस ने कल्याण कुंज में किया सेवा कार्य



बिलासपुर। लायंस क्लब बिलासपुर क्लासिक प्लस ने शहर के कल्याण कुंज विद्या आश्रम में 2024-25 के नए सत्र का पहला सेवा कार्य किया। जूना बिलासपुर भजन महिला मंडली द्वारा आश्रम में रहने वाले महिलाओं के आग्रह पर भजन कीर्तन गाए गए। इसका आनंद वहां निवासरत महिलाओं ने लिया। एक डिस्ट्रिक्ट एक सेवा डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट के तहत 30 नग, पौधे जिसमें आम, कटहल, आंवला, अनार, बेल, फूलदार पौधे शामिल रहा, लगाए गए। कल्याण कुंज वृद्धा आश्रम मसानगंज में बांस से बने पंखे 50 नग, फल, मिष्ठान का वितरण किया गया। इस मौके पर लायंस क्लब बिलासपुर क्लासिक प्लस की ऊषा मिश्रा, माधवी स्वर्णकार, कमलेश गुप्ता, रेणु, निशा, प्रीति गुप्ता, कौशिल्या तिवारी, पदमा गुप्ता, कविता, कल्पना गुप्ता, विनीता चरण, मंजू सोनी, निकिता जयसिंह, स्नेहा गुप्ता, राजेश मिश्रा, विष्णु गुप्ता, किशोरी शरण गुप्ता, महेश स्वर्णकार, विशाल गुप्ता, सुशील सराफ, परमेश्वर तिवारी सहित अन्य सभी सदस्य उपस्थित थे।

**पंखे, फल, मिष्ठान का वितरण, गाए गए भजन**

## अंतराष्ट्रीय थैली मुक्त दिवस आज

कार्नर न्यूज

# पर्यावरण संरक्षण के लिए स्वयं होना होगा जागरूक




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दुकान से सामान खरीदते समय प्लास्टिक के बैग हो या किसी भी प्रकार के पॉलिथीन बैग का उपयोग नहीं करना है। दोनों ही पर्यावरण के लिए हानिकारक है। नो प्लास्टिक को अमल करने पर ही पर्यावरण को सरंक्षित रख पाएंगे। पर्यावरण पर डिस्पोजेबल प्लास्टिक बैग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने हर साल 3 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस मनाया जाता है। यह दिन वैश्विक स्तर पर व्यक्तियों, समुदायों और व्यवसायों के लिए प्लास्टिक बैग के उपयोग को कम करने और अधिक टिकाऊ विकल्पों का पता लगाने के लिए एक तरह कार्य करता है।

पर्यावरण प्रेमी मनोज सिंह ने बताया कि पर्यावरण समूह और संगठन प्लास्टिक बैग के परिणामों के बारे में लोगों को शिक्षित करने और बैग विकल्पों को अपनाने, प्रोत्साहित करने विभिन्न गतिविधियों, कार्यशालाओं और अभियानों में भाग लेते हैं। अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस का प्राथमिक उद्देश्य एक साझा जागरूकता को बढ़ावा देना है जो व्यक्तियों और समुदायों को प्लास्टिक बैग पर अपनी निर्भरता कम करने और टिकाऊ विकल्प की प्रेरित करता है।



### जागरूकता ही इसका बचाव

खरीदारी करते समय बैग ले जाना, अनावश्यक होने पर प्लास्टिक बैग लेने से इनकार करना और भंडारण व परिवहन के लिए सामान रखने के विकल्पों का प्रयोग करना ही व्यावहारिक कदम है, जो एक महत्वपूर्ण अंतर बना सकता है। जागरूक विकल्प बनाकर और दोस्तों, परिवार और स्थानीय समुदायों के बीच जागरूकता फैलाकर, हम सामूहिक रूप से एक स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण की दिशा में काम कर सकते हैं।



### प्लास्टिक बैग से पृथ्वी को मुक्त करने कदम

प्लास्टिक बैग एक गंभीर पर्यावरणीय चिंता का विषय हो है। यह भूमि को प्रदूषित करते हैं, साथ ही जलमार्गों को भी अवरुद्ध करते हैं। इसके अलावा समुद्री जीवन के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं। प्लास्टिक बैग अपशिष्ट न केवल वन्यजीवों को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि पारिस्थितिक तंत्र को भी बाधित करता है। अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस इस समस्या को हल करने की तात्कालिकता पर प्रकाश डालता है और व्यक्तियों, समुदायों और व्यवसायों को स्थायी विकल्पों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है।

## खबर संक्षेप



### सेवानिवृत्ति पर प्राचार्य शुक्ला को दी विदाई

**सेमरताल।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरताल में प्राचार्य सुनीता शुक्ला की सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की शुरूआत जनभागीदारी एवं प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष मनीष कौशिक, सदस्य सतीश धीवर, सरजू साहू एवं प्रधान पाठक शांति तिर्की ने किया। व्याख्याता पद्मा द्विवेदी, अदिति दुबे ने सुनीता शुक्ला का स्वागत किया। व्यायाम शिक्षक संदीप त्रिपाठी ने अतिथियों का अभिनंदन किया। इस मौके पर व्याख्याता सीमा ठाकुर, व्याख्याता अदिति दुबे, व्याख्याता पद्मा द्विवेदी, सपना शर्मा, अभिलाषा मिश्रा, रूपाली श्रीवास्तव, नमिता बेहार शर्मा, सुमन कौशिक, भुवनेश्वर पटेल, बालमुकुंद शर्मा, संकुल समन्वयक ओमप्रकाश वर्मा, संदीप त्रिपाठी, कीर्तन बंजारे, व्याख्याता अनिल वर्मा, संदीप त्रिपाठी, नरेंद्र वैष्णव, प्रभारी प्राचार्य अनिल वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

### नेचर कैंप में पौधरोपण 7 को

**भर्रीडांड़।** पेंड्रा मरवाही मार्ग पर स्थित नेचर कैंप में 7 जुलाई को "एक वृक्ष एक संकल्प" के नारे के साथ विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया जाएगा। यह पौधारोपण एक अभियान है। जिसकी शुरुआत बरगवा के सेवानिवृत्त शिक्षक प्रकाश चंद राय ने की है। कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारी, प्रगतिशील पेंशनर संघ के सदस्य शामिल होंगे। नेचर कैंप को फूल पौधों से अच्छादित करने क्षेत्रवासियों की एक पहल है, जिससे यह पर्यावरणप्रेमियों का आकर्षण बना रहे।

### राधा कृष्ण मंदिर में रुद्राभिषेक कल

**भर्रीडांड़।** मासिक शिवरात्रि पर्व पर 4 जुलाई को स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज 82वां प्राकट्य दिवस पर राधा कृष्ण मंदिर में रुद्राभिषेक, पौधरोपण का कार्यक्रम प्रातः 10 बजे, अभिषेक प्रसाद वितरण12 बजे, पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

### आंबा कार्यकर्ता, सहायिका के लिए आवेदन आमंत्रित

**पथरिया।** महिला व बाल विकास विभाग के द्वारा क्षेत्र के ग्राम गोइंद्रा और सावतपुर में रिक्त कार्यकर्ता और सहायिका के एक एक पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए परियोजना अधिकारी रेखा दुआ ने बताया कि कार्यकर्ता के लिए न्युनतम शैक्षिक योग्यता 12 वीं या 11 वीं उत्तीर्ण और सहायिका के लिए 8 वीं उत्तीर्ण रखा गया। इसके लिए आवेदन 21 जुलाई तक कार्यालयीन समय पर लिए जाएंगे।

### पत्नी की फावड़ा मारकर हत्या

**कोरबा।** एक महिला के सिर पर फावड़े से हत्या कर लाश को उसके घर के पीछे बाड़ी में फेंक कर ठिकाने लगाने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार कोरबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जलके के आश्रित ग्राम मांझाबहरा निवासी मंगली बाई पोया की उसके पति बसंत कुमार पोया ने सिर पर फावड़ा मार कर हत्या कर दी है। उसकी लाश को उसके घर के ठीक पीछे स्थित बाड़ी पर फेंककर हत्यारा पति फरार हो गया है। बताया जाता है कि सुबह जब परिजनों को इसकी भनक लगी तो इसकी सूचना कोरबी चौकी प्रभारी अफसर खान को दी गई। हत्या की सूचना पाते ही कोरबी चौकी प्रभारी अफसर खान दलबल सहित मौके पर पहुंचे।

## निधन

### छेदूराम साहू

**सीपत।** ग्राम नवागांव निवासी सेवानिवृत्त प्रधानपाठक छेदूराम साहू का 2 जुलाई को सुबह 72 वर्ष की उम्र में देहावसान हो गया। वे केदारनाथ, दुष्यंतलाल, दामोदर प्रसाद साहू व शारदा, विमला साहू के पिता थे। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में ग्राम के लोग शामिल हुए।



भाजपा की समीक्षा बैठक में शामिल हुए दिग्गज नेता

# चुनाव में बदल चुके हैं फैक्टर, मतदाताओं के चयन का अंदाज भी बदला: शिवरतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

भारतीय जनता पार्टी चुनाव संचालन समिति द्वारा विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव के परिणाम की समीक्षा बैठक रखी गई। बैठक में छत्तीसगढ़ लोकसभा चुनाव प्रभारी शिवरतन शर्मा ने कार्यकर्ताओं को चुनाव जीतने के साथ-साथ हारने वाले बूथों पर भी फोकस करने के लिए कहा। श्री शर्मा ने बताया कि चुनाव में पूर्व के वर्तमान के फैक्टर बदल चुके हैं और मतदाताओं के चयन का अंदाज भी बदल गया है।

हमें उन सब बातों को ध्यान में रखते हुए चुनाव की तैयारी एवं समीक्षा करनी आवश्यक है साथ ही आगामी निकाय चुनाव को लेकर भी तैयार रहने के निर्देश दिए। तखतपुर विधायक एवं लोकसभा चुनाव प्रभारी धर्मजीत सिंह ने



बैठक को संबोधित करते हुए विधायक धर्मजीत सिंह।

कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए बताया कि पार्टी का दिशा निर्देश एवं समीक्षा के आधार चुनाव में कमजोर बूथों को मजबूत बनाने पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। चुनाव संचालन समिति में उपस्थित कार्यकर्ताओं से चुनाव परिणाम की समीक्षा के साथ-साथ आगामी कार्यक्रम की भी रूपरेखा तय कर कार्य करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व राज्य महिला आयोग अध्यक्ष हर्षिता पांडे पूर्व विधायक डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी, संतोष कौशिक रामदेव कुमावत जिला अध्यक्ष सहित भारतीय जनता पार्टी के चारों मंडल के मंडल अध्यक्ष कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर त्रेता नाथ पांडे बी आर महोबिया संतोष कश्यप प्रदीप कौशिक कृष्ण कुमार साहू, प्रदीप कौशिक नूरिता कौशिक अशोक ठाकुर दिनेश राजपूत, बंसी पांडे दिलीप तोलानी शिव देवांगन देवांगन सुनील आहूजा रवि मेहर गुलजीत सिंह अमित मंदानी अजय यादव राघवेंद्र पांडे आयुष ठाकुर पूनम शुक्ला मालती यादव विश्वनाथ यादव राजेश सोनी सूरज मिश्रा मनोज साहू दिनेश सिंह ठाकुर निलय तिवारी धनंजय सिंह राजेश तंबोली ,प्रेम सिंगरौल , प्रीतम कश्यप, सूर्य कश्यप सहित अन्य उपस्थित रहे।

# नपा में वार्डों का होगा परिसीमन तुलसाघाट में बनेंगे नए वार्ड

**शासन के निर्देश पर जनगणना 2011 के आधार पर परिसीमन**




हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

नगपालिका का दर्जा मिलने व ग्राम पंचायत तुलसाघाट विलय के बाद नए वार्डों के गठन के लिए शासन के निर्देश पर जनगणना 2011 के आधार पर परिसीमन में लगभग 3 नए वार्ड अस्तित्व में आएंगे। प्रशासन ने नगरपालिका के अस्तित्व में आने के बाद नए वार्ड के गठन व परिसीमन के लिए निर्देशानुसार आरआई, पटवारी, पालिका कर्मचारी कार्य में जुट गए है।

राजस्व उपनिरिक्षक मनोज जायसवाल ने बताया कि रामहेपुर वार्ड 13, 14, 15 सहित तुलसाघाट में औसत न जनसंख्या के आधार पर 2 नए सहित कुल 3 वार्ड अस्त्तिव आएंगे। उन्होंने बताया कि 2011 के जनसंख्या के आधार पर वार्डों का परिसीमन होगा। नगर में कुल 15156 एवं नए जुड़े तुलसाघाट में 1329 जनसंख्या है।

इन्हीं के आधार पर पुराने वार्ड भी आगे पीछे होने की सम्भवना है। यह कार्य 8 जुलाई से करना है। बताया जा रहा है की वार्डों में नए परिसीमन से दावेदारों के लिए चुनौती से कम नहीं होगी। परिसीमन के बाद आरक्षित सीटें बदलने की संभावना है। मुख्य नगपालिका अधिकारी लालजी चंद्राकर ने कहा कि जनसंख्या के आधार पर कुल 18 वार्ड होंगे।

### नाले के गंदा पानी से होकर लोगों को गुजरना पड़ रहा



**करगी रोड कोटा।** पुरानी बस्ती से धौराभाटा मुख्य मार्ग में स्थित नाला कचरे से पूरी तरह भर चुका है। जिसकी सफाई विगत कई वर्षों से न होने से वार्डवासियों के द्वारा नगर पंचायत में आवेदन किया गया। परंतु कोटा नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों की उदासीनता के कारण नजर अंदाज कर दिया गया। जिसके कारण दो दिन की भारी वर्षा से नाला जाम होने के कारण आवागमन मे परेशानी हो रही है। सफाई न होने, गंदगी के कारण कई प्रकार की बीमारी का सामना करना पड़ सकता है।

### बीएससी अंतिम वर्ष के छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण

**सीपत।** अटल यूनिवर्सिटी ने रविवार को बीएससी फाइनल एवं बीए फाइनल का रिजल्ट जारी किया। जिसमें वैदिक महाविद्यालय सीपत में बीएससी बायो व बीएससी गणित कम्प्यूटर साइंस के शत प्रतिशत छात्रों ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण कर अटल यूनिवर्सिटी में रिकार्ड बनाया। वैदिक महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर कॉलेज व अपने माता पिता का नाम गौरवांवित किया। बीएससी अंतिम वर्ष बायोलोजी से अनिरुद्ध धीवर 72 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान रेणु भूपेंद्र 70. 72 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान व निशा साहू 69.44 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त की। वही बीएससी गणित कम्प्यूटर साइंस के छात्र राहुल साहू ने 66.88 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का मान बढ़ाया।





### स्कूल जाने निकली नाबालिग नहीं लौटी घर

**तखतपुर।** स्कूल जाने के लिए घर से निकली बालिका की शाम तक घर नही पहुंचने पर पुलिस ने मामले को विवेचना में ले लिया। जानकारी के अनुसार चोरमा निवासी प्रार्थी की नाबालिग लड़की 30 जून को सुबह घर से स्कूल जाने के लिए निकली थी और जब शाम तक घर नहीं पहुंची तो आसपास खोजबीन की पर कोई सुराग नहीं मिला। जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 363 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

# सीएम व डिप्टी से मिले जनप्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ गौरेला

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री अरूण साव से गौरेला नगर पंचायत अध्यक्ष गंगोत्री गोवर्धन राठौर, उपाध्यक्ष संदीप जयसवाल, पार्षद दल ने सौजन्य भेंट की। सर्वप्रथम गौरेला नगर पंचायत का उन्नयन नगर पालिका करने हेतु राजपत्र में अंतिम प्रकाशन हेतु निवेदन किया।

गौरेला में स्थित तालाब के सौंदर्यीकरण, खेल सुविधा विस्तार हेतु लघु इनडोर स्टेडियम, लोहराझोरकी स्थित गार्डन के उन्नयन, मूलभूत सुविधा हेतु मांग पत्र सौंपा। सीएम व उपमुख्यमंत्री के द्वारा मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया गया। पार्षद दल ने



ज्ञापन सौंपते हुए।

कोटा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी प्रबल प्रताप से उनके निवास में जाकर मुलाकात की। उन्होंने गौरेला नगर पंचायत, गौरेला पेंड्रा से लीड दिलाने हेतु आभार जताया। उन्होंने पार्षद दल को क्षेत्र की प्रत्येक समस्या के निदान हेतु दृढसंकल्पित होकर प्रयास करने की बात कही। उक्त पार्षद दल में ममता मार्को, अमोल पाठक, मोहित राजपूत, नीलेश साहू, पार्षद प्रतिनिधि पीयूष अग्रवाल, मगदलनी जेम्स, दिलीप विश्वकर्मा, लाल सिंह मरावी, तुलसी पेंद्रो, शिव रोहणी, पंकज जेम्स शामिल हुए।

# रक्तदान है चारोंधाम के बराबर: साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

श्रीराम सेवा समिति के नेतृत्व में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 35 बॉटल ब्लड एकत्रित किया गया। ये ब्लड सरकारी अस्पताल के 50 बिस्तर, मुंगेली के जिला अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों को दिया जाएगा। इससे पहले अरुण साव ने कहा कि रक्तदान चारो धाम के बराबर है। इससे बड़ा पुनित कार्य हो नहीं सकता। क्योंकि इससे किसी का जीवन बच सकता है।

रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को डिप्टभ सीएम अरुण साव ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। आयोजन प्रमुख मुकेश, शशांक ने बताया कि यह शिविर अमर शहीदों की स्मृति में आयोजित किया गया था। जिसका उद्देश्य जरूरतमन्द लोगों की मदद करना है।इस आयोजन में प्रमुख से सिख समाज मनियारी क्रिकेट टीम,



रक्तदाता से मुलाकात करते हुए डिप्टी सीएम अरूण साव।

प्रेस क्लब, ऑटो पार्ट्स संघ, मोबाइल संघ, सब्जी संघ, युवा मंडल , राजीव गांधी महाविद्यालय की सहभागिता, रिकी सलूजा, शशांक वैष्णव, मुजीब खान, विकास सलूजा, नर्मदा कश्यप, कमलेश नामदेव, निधि सिंह, अनिल सलूजा, सावन डड़सेना, छत्रपाल जायसवाल, अजय अहिरवार, कवि केशरवानी, मनीष कश्यप, विनोद डड़सेना, समर साहू, सोहन डड़सेना, दादू साहू, मनीष यादव ,दुर्गेश यादव रामसिंह जायसवाल, नेहा तिवारी, गायत्री कौशिक ,समीर पाठककमलेश नामदेव ,मुकेश जायसवाल एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित सहित अन्य उपस्थित थे।

# मम्मा हर परिस्थिति में अचल, अडोल व स्थिर रहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ मस्तुरी



कोटमीसुनार ब्रह्माकुमारीज़ प्रभु-अनुराग भवन में आध्यात्मिक ज्ञान दिवस के रूप में ब्रह्माकुमारीज़ की प्रथम मुख्य प्रशासिका ओम राधे की 59वीं पुण्यतिथि मनाई गई। मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती ओम राधे जिन्हें सभी मम्मा कहते हैं। मां का पहला स्लोगन था हकमी हुकुम चला रहा है और दूसरा स्लोगन था हर घड़ी अंतिम घड़ी है। उक्त बातें ब्रह्माकुमारी शशिप्रभा ने कही। शशिप्रभा ने बताया कि विश्व भर में स्मृति दिवस को आध्यात्मिक ज्ञान दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।

मम्मा के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए शशिप्रभा ने कहा कि मम्मा ब्रह्म मुहूर्त में दो बजे उठकर तपस्या किया करते थे। उनके जीवन में ईश्वर के साथ सर्व सम्बन्धों का स्नेह, रूहानियत व स्वमान की विशेषता रही। कैसे भी अवगुण वाली आत्मा हो लेकिन मम्मा के मुख पर किसी के प्रति कोई अशुभ बोल नहीं निकलते थे, जिसका कोई फायदा ले लेवे। उन्हें कभी भी किसी बात में क्रोध तो क्या आवेश भी नहीं आया। वे शान्ति की अवतार व प्रेम की मूर्त थी। शशिप्रभा ने ईश्वर का ध्यान करते हुए मातेश्वरी को भोग कराया व श्रद्धा सुमन अर्पित किया। ओम राधे के जीवन पर नाटक क़ी प्रस्तुति अनुराग केवट, होरीलाल, लक्ष्मी, बीके भविष्य के द्वारा किया गया। रेखा कुमारी केवट के द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में सभी को प्रसाद दिया गया।

# भारतीय किसान संघ की इकाई गठित, किसानों ने ली सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भारतीय किसान संघ द्वारा इन दिनों जिले में सदस्यता अभियान के साथ इकाई गठन का कार्यक्रम जोर शोर से किया जा रहा है। संघ के अध्यक्ष माधो सिंह ठाकुर के नेतृत्व में जिले के विभिन्न तहसीलों और ब्लाक स्तर पर किसानों को संघ की सदस्यता दिलाई जा रही है।

पूरे जिले में अभी तक 17 हजार किसानों ने भारतीय किसान संघ की सदस्यता ग्रहण कर ली है। इसी तारतम्य में मंगलवार को विधानसभा मस्तूरी अंतर्गत पचपेड़ी में कार्य समिति और इकाई का गठन किया गया, जिसमें अशोक कुमार जायसवाल सर्वसम्मति से अध्यक्ष नियुक्त किए



गए। व्यास नारायण कुर्रे को मंत्री पद की जिम्मेदारी दी गई। सेवा सहकारी समिति भवन पचपेड़ी मे आयोजित इस कार्यक्रम में निर्वाचन अधिकारी के रूप में जिला कार्यकारी अध्यक्ष राजेश सिंह कार्यकारी मंत्री राम सुशील पांडे जिला कोषाध्यक्ष एवं प्रांत कार्यकारिणी सदस्य माधव सिंह कार्यालय मंत्री विक्रम सिंह राजस्व प्रमुख लक्ष्मी सिन्हा सीपत तहसील इकाई अध्यक्ष विनोद साहू ने निर्वाचन प्रक्रिया को संपन्न कराया।

# प्राथमिक शाला सकरी में शाला प्रवेश उत्सव, बच्चों को कराया न्यौता भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी

शासकीय प्राथमिक शाला सकरी में शाला प्रवेशोत्शव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बिलासपुर के गुरुनानक मेडिकल स्टोर के संचालक श्री छाबड़ा के द्वारा न्योता भोजन का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि दिलीप कोरी पार्षद, नवीन महाविद्यालय सकरी के प्राचार्य प्रवीण कुमार पांडेय, डा केपी महन्त, सीमा त्रिपाठी, सतीश जयसवाल, प्रधान पाठक श्रीमान राजेश दुबे के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा नव प्रवेशी बच्चों को मिष्ठान, पेंसिल बाक्स, टाफी के साथ पाठ्य पुस्तक व शाला गणवेश प्रदान किया गया। कार्यक्रम में सूरज मिस्रा, मनोज साहू, संजय यादव, प्रशांत गुप्ता, राजकमल साहू, राजेश दुबे, विजय मरकाम, राजेन्द्र पटेल, आनंद राम बघेल, दीपेन्द्र चक्रधरी, नरेश साहू, रामानंद साहू, रविकांत गुप्ता, वंदना साह, संगीता सानन, पिंकी साहू, योगेश्वरी गौतम, अलका चौबे, पुनीता कौशिक, सुनीता डाहिरे, अक्षय दुर्गेश श्रीवास के साथ पालक उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में विजय मरकाम ने आभार प्रकट किया। तत्पश्चात अतिथियों, पालकों व बच्चों को न्योता भोजन कराया गया।



### हरिपुर संकुल केंद्र में पाठ्य सामग्री वितरित

**बिलासपुर।** जीवधर्णी सेवा फाउंडेशन द्वारा शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक शाला हरिपुर संकुल केंद्र खोडरी विकासखंड गौरेला में शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर प्राइमरी और मिडिल स्कूल के सभी विद्यार्थियों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप पाठ्य सामग्री निशुल्क भेंट की गई भेंट। यह आदिवासी बाहुल्य वन क्षेत्र है। यहां के लोग वन आधारित जीवन जीते हैं। इस कार्यक्रम में जीवधर्णी के विकास चंद्र वर्मा, राजा कौशिक, आकांक्षा जानोकार, आर्यन तिवारी एवं सदस्य तथा शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, सदस्य, पालक आदि उपस्थित रहे।



### बच्चों के साथ समय बिताना अच्छी पहल:टंडन

**मस्तूरी।** संकुल दर्रीघाट के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लावर में शाला के शिक्षक संकुल समन्वयक सूरज सिंह क्षत्री एवं परिवार के द्वारा अपने ससुर पूर्व सीएमओ हरबंश सिंह की स्मृति में बच्चों को न्योता भोज दिया गया। बतौर मुख्यातिथि विकास खंड शिक्षा अधिकारी शिवराम टंडन, विशिष्ट अतिथि विकास खंड साक्षर भारत प्रमुख राजेश सिंह क्षत्री उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शाला प्रबंधन समिति के कुंवर सिंह कैवर्त, मनोहर गेंदले, संकुल समन्वयक सूरज सिंह क्षत्री सहपरिवार, प्रधान पाठक श्यामा खांडे आदि उपस्थित थे।



### परसदा स्कूल में बच्चों को दिए गए उपहार

**बिलासपुर।** प्राथमिक शाला परसदा में शाला प्रवेश उत्सव एवं पढ़ाई तिहार बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। संकुल समन्वयक सुनील पाण्डेय एवं रंजीत बेनर्जी, अंगना मां शिक्षा की माताएं, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं सदस्य, मध्यान भोजन समूह, पालक एवं शिक्षिका उषा कोरी, नंदनी कौशिक, परमेश्वरी खरे, गीता ओझा, आशीष दयाल, फिरोज बानो, प्रीति साहू, सुनंदा जांगड़े उपस्थित रहे। नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर उपहार प्रदान किया गया। अंगना मां शिक्षा कार्यक्रम में सभी माताओं की सहभागिता सराहनीय रही।



### बच्चे राष्ट्र निर्माता व भावी पीढ़ी के नायक: दिलेन्द्र

**सीपत।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला कौवाताल में शाला प्रवेशोत्सव सम्पन्न हुआ। जिसमे अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य नूरी दिलेन्द्र कौशिल पिछड़ा वर्ग प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य दिलेन्द्र कौशिल रियाज असरफी पूर्व जनपद सदस्य योगेश साहू एसएमसी संदस्य दिलहरण साहू सौखीलाल साहू जीवन लाल साहू उपस्थित रहे। मां शारदे की वंदना के बाद अतिथियों ने कक्षा पहली से 10 बच्चो व छठवीं के 22 बच्चो को तिलक वंदन मिष्ठान खिलाते हुए गणवेश पुस्तक प्रदान कर उनका स्वागत किया।

## खबर संक्षेप

### आरटीई के तहत पंजीयन 9 से, लॉटरी से आबंटन

**बिलासपुर।** निजी विद्यालयों में आरटीई पोर्टल के माध्यम से आनलाइन आवेदन एवं भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। निजी विद्यालयों में आरटीई के तहत प्रवेश की प्रक्रिया एवं आनलाइन पद्धति के संबंध में विस्तृत जानकारी आरटीआई पोर्टल से प्राप्त की जा सकती है। आरटीई धारा 12 के तहत प्राइवेट स्कूलों के 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित हैं। डीईओ ने बताया कि प्रथम चरण के स्कूल दाखिला प्रक्रिया की अंतिम तिथि 7 जुलाई तक है। इसके बाद द्वितीय चरण में छात्र पंजीयन 9 जुलाई से 14 जुलाई, दस्तावेजों की जांच 15 जुलाई से 21 जुलाई, लॉटरी एवं आबंटन 23 जुलाई से 26 जुलाई, स्कूल दाखिला प्रक्रिया 29 जुलाई से 11 अगस्त एवं वर्ष 2023-24 के लिए ऑनलाइन दावा प्रक्रिया की तिथि 19 अगस्त से 18 सितम्बर तक निर्धारित की गई है।

### जिले में औसत वर्षा 31.1 मि.मी. दर्ज

**बिलासपुर।** जिले में 31.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई। कोटा तहसील में सर्वाधिक वर्षा 82.2 मि.मी. दर्ज की गई। बिलासपुर तहसील में 15.5 मि.मी., बिल्हा में 2.0 मि.मी., मस्तूरी में 2.4 मि.मी., तखतपुर में 19.2 मि.मी., कोटा में 82.2 मि.मी., सीपत में 10.1 मि.मी., बोदरी में 11.2 मि.मी., बेलगहना में 78.3 मि.मी., बेलतरा में 45.2 मि.मी., रतनपुर में 80.3 मि.मी., सकरी में 22.6 मि.मी., पचपेडी में 4.2 मि.मी वर्षा दर्ज की गई है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के लिए आवेदन 17 तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना तखतपुर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मंगाए गए हैं। विकासखण्ड तखतपुर अंतर्गत ग्राम टिकरी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद पर 17 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक आवेदिका कार्यालयीन समय में स्वयं उपस्थित होकर या पंजीकृत डाक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। कार्यकर्ता के लिए कक्षा 12वीं उत्तीर्ण एवं 18 से 44 वर्ष तक के आवेदक ही पात्र होंगे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के आवेदन फॉर्म एवं रिक्त पद की संपूर्ण जानकारी के लिए एकीकृत बाल विकास परियोजना तखतपुर में सुबह 11 बजे से शाम साढ़े 5 बजे तक प्राप्त कर सकते है।

### सहायक यंत्री से दुर्व्यवहार, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** बिजली बिल नहीं पटाने पर कालोनी का कनेक्शन



काट दिया गया, जिससे कालोनी कर्मचारियों ने कार्यालय में जाकर कनेक्शन जोड़ने की धमकी देकर सहायक यंत्री से दुर्व्यवहार किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, सकरी बिजली आफिस में पदस्थ सहायक यंत्री भूपेश कुमार साहू पिता छोटेलाल साहू ने रिपोर्ट लिखाई है। शिकायत में कहा गया कि कालोनी का बिजली बिल 27 लाख 23 हजार 29 रुपए बकाया होने पर 2 जुलाई को सुबह 10.30 उनके द्वारा कालोनी का कनेक्शन काट दिया गया। उसी बात को लेकर कालोनी के कर्मचारी सुमित सिंह ने लाइन जोड़ने की धमकी देते हुए गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। उसके बाद कार्यालय में आकर उनके साथ हुज्जतबाजी कर शासकीय कार्य अवरोध डाला। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर कालोनी के मालिक व कर्मचारी के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 3, 5 व 351 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### सदस्यता सूची पर दावा आपत्ति 9 तक

**बिलासपुर।** हर्ष किंगडम आवासीय सहकारी समिति मर्यादित अशोक नगर की सदस्यता सूची का प्रथम प्रकाशन कर दिया गया है। सूची के संबंध में दावा आपत्ति 9 जुलाई तक कार्यालयीन समय में सोसाइटी कार्यालय में प्रबंधक दुर्गेश साहू के समक्ष प्रस्तुत किए जा सकते है। प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निराकरण कर सदस्यता सूची का अंतिम प्रकाशन 10 जुलाई को दोपहर 12 बजे किया जाएगा।

---

संभाग क्रमांक 2 से स्वीकृत हुई थी दर्जन भर सड़क होने लगी खराब, अधिकारी कह रहे शिकायत मिली तो ठेकेदार से कराएंगे सुधार

# पीडब्ल्यूडी ने टुकड़ों में बनाई सड़क, पहली बारिश में उखड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पीडब्ल्यूडी द्वारा टुकड़ों में बनाई गई सड़क पहली बारिश में ही उखड़ने लगी है। बारिश का पानी सड़क के किनारों को कमजोर कर रहा है जिस पर वाहन के चलने से बड़े बड़े गड्ढे बन गए हैं। पीडब्ल्यूडी के संभाग क्रमांक 2 से पिछले 6 महीने में दर्जन भर सड़कें बनाई गई है। इन सड़कों की स्वीकृति करीब 2 साल पहले मिली थी, लेकिन विधानसभा चुनाव से पहले ही सड़कों को तैयार करने के लिए पीडब्ल्यूडी मशक्कत की थी। अब सड़क धंसने लगी है।

- शोल्डर तक बनाने में ठेकेदारों ने बचाया पैसा

बताया जा रहा है कि बेलगहना-कोंचरा- खोंसरा के बीच करीब 18 किमी की सड़क बनाई गई है। सड़क दो पार्ट में बनाई गई है। इस सड़क पर ठेकेदार द्वारा शोल्डर बनाने में भी कोताही बरती गई है, जिसके चलते राहगीरों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पहली बारिश के बाद सड़क पर कई जगहों पर पेंच बन रहे हैं, जिसे लेकर आसपास के जनप्रतिनिधियों ने नाराजगी भी जाहिर की है लेकिन विभाग के अधिकारी सड़क बनने के बाद झांकने तक नहीं आ रहे हैं।



सड़क पर गड्ढे हो गए।



धंसने लगी सड़क।



शोल्डर बनाने में भी गड़बड़ी।

#### इन सड़कों का किया गया निर्माण

| स्थान | किमी/ खर्च | ठेकेदार |
|---|---|---|
| बेलगहना-कोंचरा-खोंसरा | 3 किमी/2 करोड़ 28लाख | मेसर्स डीसी कंस्ट्रक्शन |
| समडील-राजपूर | 3.8 किमी/4 करोड़ 46 लाख | मेसर्स मां भगवती कंस्ट्रक्शन |
| भाडम-नरोतीकांपा | 1.6 किमी/2 करोड़ | मेसर्स मां भगवती कंस्ट्रक्शन |
| पाली -बुटेना | 2.4 किमी/2 करोड़ 61 लाख | मेसर्स सौरभ मिश्रा |
| जुनापारा - कठमुड़ा | 2 किमी/2 करोड़ 5 लाख | मेसर्सराजस्थान कंस्ट्रक्शन |
| तेदुआ- मूर्तीपारा -झालापारा | 3.35 किमी/ 3 करोड़ 36 लाख | मेसर्स जिंदल इंफ्रा |
| पीपलकुटी- दवनपुर | 2.20 किमी/2 करोड़ | मेसर्स अशोक अग्रवाल |
| बीजा-देवतरा | 2.80 किमी/2 करोड़ 68 लाखा | मेसर्स सौरभ मिश्रा |
| पोड़ी से सिलतरा | 1.5 किमी/2 करोड़ 10 लाख | मेसर्स सौरभ मिश्रा |
| तखतपुर-करनकांपा सिलतरा | 9किमी/ 17 करोड़ | मेसर्स एनसी नहर |
| बेलगहना-कोंचरा | 15.80 किमी/22करोड़ | मेसर्स डीसी कंस्ट्रक्शन |

#### सड़कें परफार्मेंस गारंटी में

सभी सड़कें परफार्मेंस गारंटी में है। इंजीनियर्स को फील्ड का सर्वे करने भेजा जाएगा। कहीं दिक्कत होगी तो ठेकेदार से काम लिया जाएगा।

**वीएनके शास्त्री,** प्रभारी ईई, लोनिवि

**टुकड़ों में बांटा काम:** पीडब्ल्यूडी ने ठेकेदारों को उपकृत करने सड़कों को टुकड़ों में बांट कर टेंडर दिया है, जिसका नतीजा ये है कि सड़क की गुणवत्ता प्रभावित हो चुकी है। वहीं पीडब्ल्यूडी के अधिकारी का भी इन सड़कों की मानिटरिंग के लिए भी उदासीन रवैया रहा है। संभाग क्रमांक 2 के अधिकारियों के द्वारा कोटा और तखतपुर क्षेत्र में ही काम कराया गया है। विधानसभा चुनाव से पहले हुए इन सड़क के निर्माण में जमकर लापरवाही बरती गई है।

## इधर, हाईकोर्ट ने कहा- उम्मीद करते हैं शपथपत्र के आधार पर होगा सड़क सुधार

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने प्रदेश की खराब सड़कों के बारे में संज्ञान लेते हुए राज्य शासन से जवाब मांगा था। रोड इन रेफरेंस के मामले में मंगलवार को मुख्य सचिव अमिताभ जैन और एसडीओ बिलासपुर की ओर से अपनी कंप्लाएन्स रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इसमें बताया कि रायपुर स्थित धनेली रोड के लिए टेंडर प्रोसेस पूरा हो चुका है। लोएस्ट प्राइज के आधार पर जिस कंपनी को ठेका दिया गया है उसके द्वारा सुरक्षा निधि जमा करते ही काम शुरू किया जाएगा। इस रोड पर पुलिया बिजली खंभे आदि कार्य भी पूरा कराया जाएगा।

- सेंदरी रोड निर्माण के लिए जमीन अधिग्रहण पूरा होने की जानकारी दी गई, निरतू की जमीन भी ली गई

बिलासपुर एसडीओ ने सेंदरी रोड निर्माण के लिए जमीन अधिग्रहण पूरा होने की जानकारी दी। एसडीओ ने बताया कि कुछ जमीन ग्राम निरतू की भी ली गई है, जिसके लिए अवार्ड पारित किया जा रहा है। एसडीओ ने जमीन अधिग्रहण सही होने की जानकारी देते हुए कहा कि वहां पर काम शुरू कराया जा सकता है। नेशनल हाइवे के अधिकारियों की ओर से कहा गया कि जमीन अधिग्रहण के सत्यापन के बाद काम शुरू कराया जाएगा। इस पर हाईकोर्ट ने कहा कि हम उम्मीद और भरोसा करते हैं कि शपथपत्र में दी गई जानकारी और कोर्ट के निर्देशों के अनुसार कार्य होगा। प्रकरण की अगली सुनवाई 29 जुलाई को रखी गई है। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविन्द्र अग्रवाल के कोर्ट में हुई। मामले में न्यायमित्र राजीव श्रीवास्तव और प्रतीक शर्मा पेश हुए।

हाईकोर्ट में रोड इन रेफरेंस के मामले में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट के समक्ष रायपुर एयरपोर्ट जाने नेशनल हाइवे में धनेली के पास से विधानसभा मार्ग के खराब होने की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इस पर हाईकोर्ट ने तत्काल स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया। राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि सड़क निर्माण के लिए साढ़े 22 करोड़ रुपए की स्वीकृत दी गई है, लेकिन चुनाव आचार संहिता लागू हो जाने के कारण टेंडर की प्रक्रिया शुरू नहीं की जा सकी थी।

#### बिना प्लानिंग के किया जा रहा काम

हाईकोर्ट में यह बात भी सामने आई कि शहरी क्षेत्र में निगम, पीडब्ल्यूडी और ठेका एजेंसी मिलकर काम नहीं कर रहे हैं। बिना किसी प्लान के कई मार्गों का डामरीकरण प्रारंभ कर दिया जाता है। नई बनी सड़क को कभी सीवरेज पाइप लाइन तो कभी जल अमृत मिशन के नाम से खोद दिया जाता है। इसी तरह टेलीफोन केबल, नाला निर्माण के लिए फिर सड़कों को खोद दिया जाता है। इस तरह से अव्यवस्थित कार्य को लेकर रुपयों की बर्बादी होती है और सड़कों की दुर्दशा होती है।

## घर से लापता 24 दिन की बच्ची की पड़ोस के कुएं में मिली लाश, परिजन पर भी संदेह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रविवार की रात मां के साथ सो रही 24 दिन की बच्ची लापता हो गई। मंगलवार को पड़ोस के कुएं में लापता बच्ची की लाश मिली। इससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने कुएं से शव को निकालकर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस परिजन से पूछताछ करने में जुटी हुई है।



मस्तूरी क्षेत्र ग्राम किरारी निवासी किसान करण गोयल की तीन बेटियां हैं। तीसरी बेटी तारा 24 दिन की थी। रविवार की रात उनकी पत्नी हसीन गोयल बेटी तारा व दो अन्य बच्चों के साथ सोई थी। दूसरे कमरे में उनके माता पिता व भतीजा सोए हुए थे। रात 2 बजे उनकी पत्नी हसीन गोयल की नींद खुली तो बिस्तर से उनकी बेटी तारा रहस्यमय ढंग से लापता हो गई थी। उन्होंने अपने पति व सास, ससुर को उठाकर बेटी के लापता होने की जानकारी दी। घर के अंदर से बच्ची के गायब होने से कोहराम मच गया। बच्ची लापता होने के संबंध में आसपास पूछताछ की गई। किन्तु कुछ पता नहीं चला। 1 जुलाई को पिता करण गोयल ने बच्ची के गायब होने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। एडीशनल एसपी ग्रामीण अर्चना झा मस्तूरी पुलिस के साथ बच्ची के पतासाजी में लगी हुई थी।

- सर्चडॉग की ली गई मदद

2 जुलाई को सर्चडाग की मदद ली गई। सर्चडाग श्री गोयल के घर से निकलकर पहले तालाब के पास गया और उसके बाद पड़ोस के एक कुएं में जाकर रूककर भौंकने लगा। पुलिस ने संदेह पर कुएं में तलाश कराई तो बच्ची की लाश मिली। बच्ची की लाश मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस ने बच्ची का शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है।

#### दोनों दरवाजे अंदर से थे बंद

किसान करण गोयल की पत्नी हसीन ने रात में स्वयं घर के दोनों दरवाजे को अंदर से बंद किया था। उसके बाद बच्ची घर से बाहर कैसे गई। इसी संदेह पर पुलिस घर के सदस्यों को हिरासत में लेकर लगातार सघन पूछताछ कर रही है। बताया जाता है परिजन गोलमोल जवाब दे रहे हैं।

#### ग्रामीणों में आक्रोश

घर से लापता बच्ची की पड़ोस के कुएं में लाश मिलने से गांव में सनसनी फैल गई और ग्रामीण आक्रोशित हो गए हैं। ग्रामीण मासूम बच्ची के हत्यारों को पकड़ने की मांग कर रहे हैं। पुलिस देर रात तक हत्यारों का सुराग नहीं लगा पाई थी।

#### घर के सामने कुएं में मिली लाश

लापता बच्ची को खोजने के लिए सर्चडाग, एसडीआरएफ की मदद ली गई थी। किसान के घर के सामने कुएं से एसडीआरएफ की टीम ने बच्ची का शव बरामद कर लिया है। परिजन से पूछताछ की जा रही है। अब तक बच्ची की हत्या करने वालों का पता नहीं चल पाया है।

**-अर्चना झा,** एडीशनल एसपी ग्रामीण

### दूसरी बार मंदिर की दानपेटी से चोरी

**बिलासपुर।** एक बार फिर बुधवारी बाजार स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर की दानपेटी से चोरी हुई है। लगातार दूसरी बार चोरी की वारदात ने रात्रि गश्त की पोल खोलकर रख दी है।

तोरवा पुलिस के अनुसार, बुधवारी बाजार स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर के पुजारी नारायण प्रसाद मिश्रा 1 जुलाई की रात 9.30 बजे पूजा पाठ करने के बाद मंदिर में ताला लगाकर घर चले गए। 2 जुलाई की सुबह 6.30 बजे वे पूजा करने मंदिर गए तो गेट का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो दानपेटी का ताला भी टूटा हुआ था। उसमें रखे पैसे चोरी हो गए थे। ज्ञात हो कि कुछ दिन पहले भी उक्त मंदिर का ताला तोड़कर दानपेटी से 50 हजार रुपए की चोरी कर ली गई थी। जबगि तोरवा थाना से प्रतिदिन रात में पुलिसकर्मियों की बुधवारी बाजार में रात्रि गश्त लगाई जाती है। लगातार दूसरी बार चोरी की वारदात ने रात्रि गश्त की पोल खोलकर रख दी है। पुलिस ने पुजारी की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ धारा 305, 331 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

हादसे के बाद जागा प्रशासन

## 138 बस ड्राइवरों की ब्रीथ एनलाइजर से की गई जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लालखदान में हुए बस हादसे के बाद शराब पीकर गाड़ी चलाने के संदेह पर हाईटेक बस स्टैण्ड के पास यात्री लेकर निकलने वाले 138 बसों को रोककर ड्राइवरों की ब्रीथ एनलाइजर से जांच की गई। हालांकि पहले दिन एक भी ड्राइवर को शराब पीकर गाड़ी चलाते नहीं पाया गया है। अब ट्रैफिक पुलिस लगातार यात्री बस के ड्राइवरों की जांच करेगी।

दो दिन पहले लालखदान ओवरब्रिज में अनियंत्रित होकर यात्री बस बिजली खंभा से टककाकर पलट गई थी। हादसे में एक नवजात बच्चे की मौत हो गई थी। ट्रैफिक एडीशनल एसपी नीरज चंद्राकर हादसे को गंभीरता से लेते हुए यात्रियों को बैठाकर शराब पीकर गाड़ी चलाने के संदेह पर मंगलवार को ट्रैफिक पुलिस की टीम की हाईटेक बस स्टैण्ड के पास सुबह से शाम तक ड्यूटी लगाई गई। बस स्टैण्ड से यात्रियों को लेकर निकलने वाले बस को रोककर ड्राइवर की ब्रीथ एनलाइजर से जांच की गई। पहले दिन यात्री लेकर निकलने वाले 138 बसों के ड्राइवरों की जांच की गई। एएसपी श्री चंद्राकर ने बताया, समय समय पर सड़क दुर्घटना होती है, इसमें सामने आता है कि बस ड्राइवर नशे में था। क्षमता से अधिक यात्री बैठाकर ड्राइवर नशे में गाड़ी दौड़ाते हैं। बस ड्राइवरों पर अंकुश लगाने अभियान चलाकर ब्रीथ एनलाजर से जांच की



जांच करती पुलिस।

जा रही है। उन्हें शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाने की हिदायत दी जा रही है। स्कूली बच्चों को लेकर परिवहन करने वाले गाड़ियों के ड्राइवरों की जांच कराई जा रही है।

तेज आवाज में गाना नहीं बजाए

यातायात नियमों का पालन करते हुए बस में प्रेशर हार्न का उपयोग नहीं करने, वाहन चलाते समय मोबाइल, रेडियो, टेप रिकार्डर का उपयोग नहीं करने। यात्रा के दौरान तेज गति से म्यूजिक बजाकर वाहन नहीं चलाने की हिदायत दी गई है।

## निगम ने तोरवा में 33 व्यापारियों का अतिक्रमण हटाया, मची अफरा-तफरी

**बिलासपुर।** नगर निगम की अतिक्रमण शाखा टीम ने मंगलवार को तोरवा क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने कार्रवाई की और मछली, मुर्गा सहित 33 दुकान वालों का अतिक्रमण हटा दिया। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को लेकर वहां अफरा-तफरी मची रही है, वहीं कई मछली दुकान वालों को फिश मार्केट में शिफ्ट कराया गया है।

तोरवा मुख्य मार्ग में सड़क किनारे अतिक्रमण कर ट्रैफिक में व्यवधान डालने वाले 33 व्यापारियों को हटाते हुए निगम ने धान मंडी के पास फिश मार्केट में शिफ्ट कराया है। इसमें 28 मछली और मांस मटन के व्यापार करने वाले शामिल थे। इन व्यापारियों के लिए पहले ही फिश मार्केट तैयार किया जा चुका है, जिसमें शिफ्ट करने के लिए कई बार बोला जा चुका था पर व्यापारी सड़क से अपना अवैध कब्जा छोड़ने तैयार नहीं हो रहे थे। आज



निगम कमिश्नर अमित कुमार के निर्देश पर निगम की अतिक्रमण शाखा टीम ने इन व्यापारियों के अवैध कब्जे को हटाते हुए इन्हें फिश मार्केट में शिफ्ट किया। इसके अलावा बिजली, पानी और नाली का नेटवर्क तैयार कर मूलभूत सुविधा दी गई थी। बावजूद इसके मछली दुकान वाले वहां शिफ्ट नहीं हो रहे थे।

#### अतिक्रमण हटाया गया

तोरवा क्षेत्र में आज अतिक्रमण हटाने कार्रवाई की गई। वहां अतिक्रमण कर मछली, मुर्गा, मांस की दुकान सहित अन्य दुकान लगाए जा रहे थे, जिन्हें वहां से हटवाया गया है और फिश मार्केट में शिफ्ट कराया गया है।

**-प्रमिल शर्मा,** अतिक्रमण शाखा प्रभारी ननि

### नगरीय निकायों में जनसमस्या निवारण शिविर 10 से

**बिलासपुर।** शहरी नागरिकों की मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए नगर निगम सहित सभी नगरीय निकायों में विशेष जनसमस्या निवारण शिविर 10 जुलाई से प्रारंभ किया जा रहा है। यह शिविर 10 अगस्त तक विभिन्न वार्डों में लगेगा। मंगलवार को कलेक्टर अवनीश शरण ने नगरीय निकाय के अधिकारियों की बैठक ली और इसके लिए कार्ययोजना बनाकर तैयारी शुरू करने कहा। उन्होंने कहा कि शिविरों में शहरी नागरिकों की प्रमुख पांच समस्याओं के निदान पर जोर रहेगा। इनमें सड़कों की साफ-सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाईट, राशन कार्ड एवं सड़कों की मरम्मत शामिल हैं। इसके अलावा इन शिविरों में स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयुष्मान कार्ड बनाने के साथ ही सिकल सेल जांच की सुविधा भी रहेगी। शिविर में स्थानीय पार्षदों एवं जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाए। शिविर में यथासंभव समस्याओं के तत्काल समाधान का प्रयास किया जाएगा।

- शहर की प्रमुख समस्याओं के निदान पर रहेगा जोर


जल व स्वास्थ्य विभाग सहित जोन की टीम कर रही व्यवस्था

## डायरिया से बचाव के लिए सकरी अटल आवास क्षेत्र में टीम अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डायरिया प्रभावित सकरी स्थित अटल आवास में निगम की टीम सक्रिय हो गई है। डायरिया की खबर मिलते ही निगम कमिश्नर अमित कुमार के निर्देश पर निगम की टीम ने बचाव और रोकथाम के लिए सघन अभियान शुरू कर दिया है। प्रभावित क्षेत्र में निगम द्वारा जल विभाग, स्वास्थ्य और जोन कार्यालय की टीम को तैनात किया गया है।

नगर निगम की टीम प्रभावित क्षेत्र के प्रत्येक घरों में जाकर सर्वे कर रही है और घरों में क्लोरो सेफ लिक्विड का वितरण, साफ-सफाई लगातार किया जा रहा है। डायरिया की खबर मिलने के बाद कल शाम से ही नगर निगम द्वारा बचाव के लिए प्रयास शुरू कर दिया गया था। प्रभावित क्षेत्र के हर घर में क्लोरो सेफ लिक्विड बांटा जा रहा है, जिसे पानी में मिलाकर पीने के लिए समझाइश दी जा रही है। इसके अलावा निगम के जल विभाग द्वारा प्रभावित क्षेत्र के जहां से मरीज मिले हैं वहां का पानी का सेंपल लिया गया है जिसे जांच के लिए लैब भेजा गया है। निगम कमिश्नर ने पूरे क्षेत्र में विशेष ध्यान देने साफ-सफाई और क्लोरिन टेबलेट का वितरण तथा घरों में जाकर किसी के बीमार होने का पता लगाने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा पाइप लाइन की लगातार मानिटरिंग के भी निर्देश अधिकारियों को दिए हैं ताकि किसी भी प्रकार का कोई लीकेज न हों।



क्षेत्र में की जा रही फागिंग।

#### सफाई, पानी की टेस्टिंग

सकरी स्थित अटल आवास में साफ-सफाई का कार्य भी लगातार जारी है। सड़क, नाली और घरों के आसपास विशेष तौर पर सफाई की जा रही है ताकि किसी भी प्रकार का संक्रमण न फैले। ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव और पूरे क्षेत्र को सेनेटाइज किया जा रहा है। आज आवास के पानी टंकी की भी सफाई की गई है।



नालियों की भी हो रही सफाई।

#### पानी में क्लोरिन मिलाने की समझाइश

नगर निगम टीम द्वारा कल से ही सकरी अटल आवास परिसर में क्लोरिन लिक्विड और जिंक टेबलेट का वितरण किया जा रहा है। टीम द्वारा घर-घर जाकर लोगों को पानी उबालकर पीने, क्लोरिन को पानी में मिलाकर 20 मिनट बाद पीने तथा ओआरएस का घोल समय-समय पर पीने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की
अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

मधुमेह का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

## खबर संक्षेप

### मंगल स्पंज में मना राष्ट्रीय विद्युत सुरक्षा सप्ताह



**बिल्हा।** मंगल स्पंज में 26 जून से 2 जुलाई तक राष्ट्रीय विद्युत सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। राष्ट्रीय विद्युत सुरक्षा सप्ताह का उद्घाटन ए. दुर्गा प्रसाद, उपसभापति, संयंत्र सुरक्षा समिति द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद् द्वारा विद्युत सुरक्षा पर जारी पोस्टर का विमोचन ए. दुर्गा प्रसाद, उपसभापति, संयंत्र सुरक्षा समिति, पीके साहू, आरबी सिंह, राजेश शर्मा, अशोक त्रिपाठी, स्वर्णकमल अग्रवाल, पी. प्रसाद, सीताराम यादव जितेन्द्र कुशवाहा के द्वारा किया गया। इस दौरान सुपरवाइजर रमेश कुमार बांधे को प्रथम पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र, शिफ्ट इंचार्ज मनोज कुमार मनहर को द्वितीय पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

### डॉक्टर्स डे पर चिकित्सकों का किया गया सम्मान



**गौरेला।** चिकित्सकों को अपने कर्तव्यों की याद दिलाने व समाज को चिकित्सकों के प्रति अच्छा व्यवहार करने की सीख देने पश्चिम बंगाल के द्वितीय मुख्यमंत्री विधान चंद्र राय की स्मृति में 1991 से डॉक्टर्स डे मनाए जाने की परंपरा का पालन करते हुए पेंड्रारोड की सामाजिक साहित्यिक और सांस्कृतिक संस्था जन सेवा प्रगति मंच द्वारा 1 जुलाई को नगर के चिकित्सकों का सम्मान किया। जिनमें वरिष्ठ डॉक्टर एमएस मार्को, डॉक्टर एआई मिंज का शाल, श्रीफल, पुष्प गुच्छ व उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष शंकर लाल साहू, सचिन, मथुरा सोनी, उपाध्यक्ष रमेश साहू, शिरोमणि जायसवाल, निलेश साहू, परवेज अहमद ने कार्यक्रम को सफल बनाने योगदान दिया।

### बाबाघाट समिति के सदस्यों ने की साव से मुलाकात



**लोरमी।** वार्ड क्रमांक 13 के समुचित विकास के लिए पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मनीष त्रिपाठी के नेतृत्व में जन योग विकास मंडल सेवा समिति बालाघाट के अध्यक्ष सचिव, सदस्यों ने डिप्टी सीएम अरुण साव से मुलाकात कर मांगों का ज्ञापन सौंपा। मांग पत्र में मुख्यतः बाबाघाट परिसर में सर्व सुविधायुक्त सामुदायिक भवन, शौचालय निर्माण, बाबाघाट नदी में पचरी निर्माण की मांग रखी। जिस पर उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द मांग पत्र पर विचार कर सभी कार्यों को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। ज्ञात हो कि वार्ड 13 में ही सबसे अधिक गरीब लोग निवास करते हैं। समिति के सदस्यों ने गरीबों के आशियाने के संबंध में भी चर्चा किए। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष दिनेश मिश्रा, ब्रह्मानंद मौर्य , चंद्रिका शर्मा, मिश्री जायसवाल, पुरुषोत्तम गुप्ता, सरजू साहू, शिवकुमार ध्रुव, मनीष श्रीवास, सियाराम सोनी व समिति के समस्त सदस्य उपस्थित थे।

### युवा शाखा डिवाइन ग्रुप ने शाला अस्पताल व गोठान परिसर में रोपे पौधे



**लोरमी।** वृक्ष गंगा अभियान, पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत युवा शाखा डिवाइन ग्रुप के द्वारा ग्राम पंचायत औरा बांधा माध्यमिक शाला परिसर एवं अस्पताल परिसर एवं गोठान परिसर में ग्राम पंचायत के सहयोग से पौधरोपण कार्य किया गया। इस अवसर पर सरपंच सुरेश साहू, गंगा राम साहू,रघुनंदन साहू, काशीराम साहू, नितेश साहू, आशा साहू, राम अवतार साहू, ज्ञानचंद, हरीश,गंगाराम साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

### शिव महापुराण कार्यालय का विधि विधान से किया गया उद्घाटन



**लोरमी।** शिव महापुराण कार्यालय लोरमी का उदघाटन पंडित सच्चिदानंद तिवारी द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर किया गया। सावन माह में लोरमी में अंतराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा शिव पुराण कथा का रसास्वादन श्रोताओं को कराएंगे। पंडित प्रदीप मिश्रा के शिव महापुराण कथा का आयोजन लोरमी में कराए जाने की मांग लोगों के द्वारा लम्बे समय से की जा रही थी। इसी तारतम्य में आज शिव महापुराण कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर युवा मंडल प्रमुख अनिल सलूजा, लक्ष्मी गुप्ता, मदन गोपाल तिवारी, श्रवण गुप्ता, कमलेश श्रीवास, जय प्रकाश अग्रवाल , विश्वास दुबे, प्रकाश तिवारी, मनोज राजपूत, मृत्युंजय त्रिपाठी, गुड्डू साहू, पंकज निर्मलकर, परदेशी यादव आदि उपस्थित थे।

## अनियमितता करने वाले प्रभारियों पर हो रही कार्रवाई

# खरीदी केंद्रों में अनियमितता पर प्रशासन सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

खरीदी केंद्रों में अनियमितता करने वाले खरीदी प्रभारियों पर प्रशासन कड़ी कार्रवाई कर रहा है। सहकारिता विभाग द्वारा गुरुवाइनडबरी के खरीदी प्रभारी पर धान को बिना डीओ के बेचने तथा 2000 क्विंटल से अधिक का धान गबन करने के आधार पर 420 और 409 के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई। अखरार में 1258 क्विंटल धान का गबन करने के आधार पर खरीदी प्रभारी और कंप्यूटर ऑपरेटर पर 420 व 409 के तहत तथा तरवरपुर खरीदी प्रभारी भूपेंद्र बंजारे द्वारा 650 क्विंटल धान का गबन करने के आधार पर 420 व 409 के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई है।

खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में जिले में लगभग 55 लाख 86 हजार क्विंटल धान की खरीदी की गई थी। धान के उठाव के दौरान कई खरीदी केंद्रों में धान का गबन करने तथा खरीदी प्रभारियों द्वारा अनियमितता किए जाने की शिकायत पर कलेक्टर द्वारा संज्ञान में लेते हुए संयुक्त जांच टीम गठित कर खरीदी केंद्रों में बचे शेष धान का भौतिक सत्यापन कराया गया। जिसमें अखरार में लगभग 1258 क्विंटल धान का गबन करने के आधार पर खरीदी प्रभारी दिलीप जायसवाल और कंप्यूटर ऑपरेटर राजेंद्र जायसवाल पर धारा 420 व 409 के तहत तथा तरवरपुर खरीदी प्रभारी भूपेंद्र बंजारे द्वारा लगभग 650 क्विंटल धान का गबन करने के आधार पर धारा 420 व 409 के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई थी। जिसके बाद गुरुवाईनडबरी के खरीदी प्रभारी रामदास बंजारा ने उच्च न्यायालय में जमानत के लिए याचिका दायर की थी, जिसे उच्च न्यायालय द्वारा खारिज कर दिया गया है।

वहीं अखरार खरीदी प्रभारी तथा कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा सेशन न्यायालय में जमानत हेतु दायर की गई याचिका को भी न्यायालय द्वारा खारिज कर दिया है।

### कई जगहों पर कराई गई है एफआईआर



खरीदी केन्द्रों में रखे धान के बोरे।

### अनियमितता बर्दाश्त नहीं: कलेक्टर

कलेक्टर द्वारा धान उठाव में रुचि नहीं लेने वाले मिलर्स का पंजीयन रद्द करने तथा उन्हें ब्लैक लिस्टेड करने के लिए संबंधित जिला के कलेक्टर्स तथा एमडी मार्कफेड को पत्र प्रेषित किया गया है। कलेक्टर ने कहा है कि धान उठाव के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कोई भी व्यक्ति शासन-प्रशासन को धोखे में रखकर क्षति नहीं पहुंचा सकता। खरीदी केंद्रों में अनियमितता और गबन का मामला पाए जाने पर संबंधित के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।



## शतरंज स्पर्धा के लक्ष्मी व अंशुल चैंपियन

**मुंगेली।** जिला शतरंज संघ के तत्वाधान में एक दिवसीय जिला स्तरीय जूनियर बालक-बालिका शतरंज चौंपियनशिप का आयोजन 30 जून को राइजिंग स्टार किड्स स्कूल में किया गया। स्पर्धा में 41 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान अंशुल शर्मा, द्वितीय कुंदन कुमार नट, तृतीय हिमेश जोशी, चतुर्थ अमन कुमार मिरी रहे। सभी विजेताओं को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। महिला वर्ग में प्रथम स्थान लक्ष्मी साहू, द्वितीय सौम्या राजपूत, तृतीय सृष्टि गुप्ता, चतुर्थ स्थान पर संजीवनी कुर्रे रहीं। सभी विजेताओं को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इनके अतिरिक्त अंडर 7, 9, 11, 13, 15, 17, 19 वर्ष के प्रथम 3 स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। साथ ही स्पर्धा में भाग लेने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को जिला शतरंज संघ की और से सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डायरेक्टर पब्लिक स्कूल स्वाति तिवारी, विशिष्ट अतिथि चेयरमैन जिला शतरंज संघ विजय वर्मा, जिला शतरंज संघ अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह, उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा उपस्थित थे। मंच संचालन अरविंद पांडेय ने किया। इस दौरान सूर्यकांत शर्मा, कामता सिंह कुर्रे, वेंकटेश्वर दास मानिकपुरी आदि उपस्थित थे। स्पर्धा के चीफ ऑर्बिटर ओमप्रकाश वंदे, डिप्टी चीफ राम कुमार बघेल, ऑर्बिटर सद्दाम हुसैन थे।

## हत्या के मामले को लेकर यादव समाज ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गौरेला

झगराखांड की युवती रंजना यादव की हत्या मामले में यादव समाज ने गौरेला के संजय चौक से एसडीएम कार्यालय तक पैदल रैली करते हुए एसडीएम को राज्यपाल, मुख्यमंत्री व गृहमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। यादव समाज ने आरोपी को फांसी देने के साथ मृतका के परिजन को 1 करोड़ रुपए मुआवजा व घर के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की है।

ज्ञात हो कि 26 जून को एसबीआई बैंक के पास दिन दहाड़े युवती की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। आज यादव समाज के सैकड़ों लोगों के द्वारा संजय चौक से पैदल रैली निकालकर पुलिस थाना, तहसील चौक होते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे। इस दौरान लोगों के द्वारा नारेबाजी करते हुए रंजना यादव के हत्यारे को फांसी देने की मांग करते रहे। समाज के लोगों ने एसडीएम पेण्ड्रारोड़ को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने रंजना यादव के दोषी युवक को फांसी देने व पीड़ति परिवार को मुआवजा राशि 1 करोड़ रुपए व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिए जाने की मांग की है।



### शासन को भेजेंगे

यादव समाज और ग्रामीणों ने आकर ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उनके द्वारा मृतिका को न्याय, मुआवजे सहित परिवार के एक व्यक्ति को नौकरी देने की मांग की गई है। इस ज्ञापन को शासन को भेज दिया जाएगा।

-अमित बेग, एसडीएम, पेंड्रारोड

## समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विभागीय कामकाज की समीक्षा कर दिए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

समय-सीमा की बैठक लेकर कलेक्टर ने विभागीय कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने जिले के शतप्रतिशत लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कार्ययोजना की जानकारी ली और सभी एसडीएम को शिविर का निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले में पौधरोपण के लिए सघन अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने स्कूल परिसर में ''एक पेड़ मां के नाम'' के अनुपालन में सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों और पालकों को विद्यालय परिसर में पौधा लगाकर वृक्ष बनते तक उसका पालन पोषण व सुरक्षा करने कहा। जल जीवन मिशन के कार्य पूर्ण होने के बाद गांवों में खोदे गए सीसी रोड की शीघ्र मरम्मत करने के निर्देश दिए। पीएम किसान सम्मान निधि में ईकेवायसी कार्य में लापरवाही बरतने वाले संबंधित आरईओ को नोटिस जारी करने, समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कहा। कलेक्टर ने समग्र शिक्षा के अंतर्गत चल रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों में प्रगति लाने के लिए कहा। बैठक के बाद कलेक्टर के जिले में दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर अधिकारियों ने शुभकामना संदेश दिया और केक काटकर बधाई दी। इस अवसर पर डीएफओ संजय यादव, अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, संयुक्त कलेक्टर मेनका प्रधान, अजीत पुजारी, गिरीश रामटेके, पथरिया एसडीएम भरोसाराम ठाकुर, एसडीएम मुंगेली पार्वती पटेल, एसडीएम लोरमी गिरधारी लाल यादव, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज आदि मौजूद रहे।





## राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर शिक्षकों को प्रशिक्षण

**तखतपुर।** प्रदेश के समस्त शासकीय एवं निजी महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024- 25 से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू किया जाना है । इसके सुचारू क्रियान्वयन हेतु महाविद्यालयों के समस्त स्टाफ का संवेदीकरण किया जाना अनिवार्य है , इस उद्देश्य से शासकीय जे एम पी महाविद्यालय एवं शासकीय कन्या महाविद्यालय तखतपुर का संयुक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मास्टर ट्रेनर के रूप में शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय कोटा के प्राध्यापक डॉ. शांतनु घोष ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संबंध में व्यापक जानकारी प्रदान की। उन्होंने एनईपी 2020 के उद्देश्य को बताया। महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ सीमा नेगी ने अपने स्वागत उद्बोधन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ राजीव शर्मा एवं आभार प्रदर्शन इन्दु कौशल ने किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ एस के पाड़े, डॉ मीना शर्मा, डॉ सीमा नाथ, डॉ डी पी चंद्रवंशी,डॉ राकेश कुर्रे, डॉ पार्वती पटेल, मीरा गुप्ता, सस्मिता बरगाह, सिमरन टेकचंदानी, रजनी बारले , डॉ बसंत अंचल, प्रिया शंकरलाल जैसवाल, डॉ रश्मि जैन, ,डॉ विकास मंदानी सहित अन्य उपस्थित रहे।

### एक जुलाई से भारत में आपराधिक न्याय के एक नए युग की शुरुआत

# थाने जाए बिना रिपोर्ट दर्ज होने का लाभ मिलेगा: मिश्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ भर्रीडांड

एक जुलाई से भारत में आपराधिक न्याय के एक नए युग की शुरुआत होने जा रही है। देश में आईपीसी सीआरपीसी और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह तीन नये कानून भारतीय न्याय संहिता भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनिमय लागू हो रहे हैं।

मरवाही थाना में एसडीओपी दीपक मिश्रा की अगुवाई में नये कानून को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां मरवाही के जनप्रतिनिधि सहित आमजन उपस्थित रहे। एसडीओपी दीपक मिश्रा ने कहा कि नए कानून से मुकदमे जल्दी निपटेंगे और तारीख पर तारीख के दिन लद जाएंगे।तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू होंगे। इसके साथ ही जीरो एफआईआर की शुरुआत हो जाएगी। इसका उद्देश्य है कि अपराधों में महिलाओं व बच्चों को एक पुलिस स्टेशन से दूसरे पुलिस स्टेशन जाए बिना थाने में जल्दी रिपोर्ट दर्ज होने का लाभ मिलेगा।

### शीघ्र न्याय के संबंध में समय सीमा निर्धारित

**बिल्हा।** पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी के निर्देशन में पूरे देश में नवीन कानून लागू होने पर थाना प्रभारी बिल्हा के द्वारा नागरिकों को आमंत्रित कर नवीन कानून के संबंध में पुलिस महानिर्देशक द्वारा जारी एसओपी के मुख्य बिन्दुओं को पढकर जानकारी दी जिसके अन्तर्गत महिला संबंधी अपराध, सामूहिक दुष्कर्म के सजा में मृत्यु दण्ड या आजीवन कारावास, हिट एण्ड रन अपराध में पुलिस को सूचना न देने पर अजमानतीय अपराध, शीघ्र न्याय के संबंध में समय सीमा निर्धारित की गई है। कार्यक्रम को उत्सव के रुप में मनाया गया। जिसमें अतिथियों व नागरिकों के प्रश्नों के उत्तर दिए गए।





## भाजयुमो ने पैदल मार्च कर राहुल गांधी का किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

राहुल गांधी द्वारा संसद में हिंदुओं को हिंसक, नफरती और असत्य बताने के आक्रोश में भाजयुमो द्वारा पैदल मार्च कर भगवान परशुराम चौक में पुतला दहन किया गया।

भाजपा जिला अध्यक्ष शैलेष पाठक ने बताया कि जिस प्रकार से राहुल गांधी द्वारा हिदुओं को अपमानित करने का कार्य किया जाता है। यह दुर्भाग्य जनक है। हिदुओं को हिंसक कहने का उन्हें कोई अधिकार नहीं है। हिन्दू वो धर्म है जहां पशु पक्षियों में नदी से समुद्र तक वृक्ष से जंगल तक को भगवान के रूप में पूजा जाता है। इंडी गठबंधन के नेता तेजस्वी यादव जो नवरात्रि में मछली खाकर हिंदुओं को शर्मसार करते हैं। हिंदुओं का मजाक बनाते हैं। इन सभी नेताओं को 110 करोड़ हिंदुओं से माफी मांगनी चाहिए। नगर मण्डल अध्यक्ष सौरभ बाजपेयी ने कहा कि कांग्रेस अथवा राहुल गांधी के द्वारा इस प्रकार के कृत्य अगर दोहराए जाते हैं तो देश के वातावरण खराब होने की पूरी जिम्मेदारी इन विवादित नेताओं की होगी। अटल परिसर जिला भाजपा कार्यालय से जुलूस निकालकर नारेबाजी करते हुए परशुराम चौक सिटी कोतवाली के सामने पुलिस के साथ छीनाझपटी के बीच युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन किया। इस अवसर पर गिरीश शुक्ला, सुनील पाठक, कोटूमल दादवानी, रामशरण यादव, सौरभ वाजपेई, यश गुप्ता, राजा तंबोली, राजेश्वर सिंह टंडन, संतोष जांगड़े, यश राजा ठाकुर, वैभव ताम्रकार, आदर्श जायसवाल, वासुदेव देवांगन, रवि साहू, ऋतुराज सिंह, वासु पांडेय, राहुल साहू, शशांक तिवारी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## गौरेला में कार्यकर्ता दिखे नाराज

**गौरेला।** भाजयुमो जीपीएम के द्वारा कांग्रेस नेता और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का संजय चौक में पुतला दहन कर नारेबाजी की गई।कांग्रेस के नेता और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने संसद भवन में हिंदुओं को हिंसक बताया था। जिसके विरोध में भाजयुमो छत्तीसगढ़ के निर्देश पर जिले में युवा मोर्चा अध्यक्ष अंकुर गुप्ता, महामंत्री सिद्धार्थ दुबे के नेतृत्व में राहुल गांधी का पुतला दहन कर नारेबाजी की गई। भाजपा जिला महामंत्री राकेश चतुर्वेदी ने कहा कि कांग्रेस ने देश में लोकतंत्र की हत्या करने काम किया और राहुल गांधी हिंदुओं को हिंसक बोल रहे है। इससे कांग्रेस का हिंदू विरोधी चेहरा सामने है। प्रदेश किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष बृजलाल सिंह राठौर ने कहा कि राहुल गांधी को पहले हिंदुत्व को जानना चाहिए फिर कोई बयान बाजी करनी चाहिए। इस अवसर पर तापस शर्मा, पवन पैकरा, संतोष तिवारी, विभा नाहरेल, कांति दुबे, रमेश तिवारी, राजकुमार रोहणी, शिव शर्मा, सौरभ बंका, गौरव शर्मा, दीपक शर्मा, रजनीश तिवारी, दुर्गेश यादव, विपुल बंसल, प्रखर नामदेव, विक्की मिश्रा, करन साहू, अमन दुबे, अभिषेक जायसवाल, विक्रम राठौर, मानस अग्रवाल, महेश राठौर, चंद्रमोहन नामदेव उपस्थित थे।



## भाजयुमो ने किया विरोध प्रदर्शन

**सेतगंगा/मुंगेली।** भाजयुमो के राष्ट्रीय व प्रदेश अध्यक्ष के आह्वान पर अस्थाई बस स्टैण्ड सेतगंगा में 2 जुलाई को मंडल सेतगंगा के अध्यक्ष हरिभजन सिंह श्रीनेत के नेतृत्व में राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। श्रीनेत ने कहा कि राहुल गांधी ने जिस प्रकार संसद में हिन्दू सामाज को हिंसक बताकर अपमानित किया है वो निंदनीय है। राहुल गांधी को हिन्दुओं से माफी मांगनी चाहिए। इस अवसर पर हरिभजन सिंह, जितेन्द्र भास्कर, हीरा सिंह कश्यप, सेवप्रकाश साहू, बिहारी सिंह, गागन सिंह, उमाशंकर देवांगन, तुलसी श्रीवास, देवेन्द्र चौहान, संतोष देवांगन, श्याम यादव आदि उपस्थित थे।



## लोरमी में टिप्पणी पर की गई निंदा

**लोरमी।** नगर के मुंगेली चौक में भाजयुमो के नेतृत्व में कल संसद भवन में राहुल गांधी के हिंदू विरोधी बयान को लेकर पुतला फूंका गया। इस दौरान पुलिस व कार्यकर्ताओं के बीच झूमा झटकी भी हुई।इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता और वरिष्ठ जनों की उपस्थित रही। जिस प्रकार राहुल गांधी के द्वारा देश के सबसे बड़े पंचायत लोकसभा में बयान दिया गया। उसको लेकर भाजयुमो ने विरोध करते हुए पुतला दहन किया। भाजपा नेता संतोष साहू ने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण है बहुत ही निंदनीय है। और यह बयान हिंदू समाज को आहत करने वाला है। इसको लेकर युवा मोर्चा ने विरोध जताया है। इस अवसर पर महाजन जयसवाल, संतोष साहू, रवि शर्मा, गणेश जायसवाल, गणेश साहू, संदीप सोनी, श्रेय त्रिपाठी घंशु राजपूत, माधव तिवारी, तामेश्वर साहू, मुकेश जायसवाल, विक्की केसरवानी , दुष्यंत खत्री, मुकुल त्रिपाठी, दुर्गेश तिवारी , राहुल चतुर्वेदी उपस्थित थे।



## आत्मानंद में मना शाला प्रवेशोत्सव

**भर्रीडांड़।** जिले के आत्मानंद विद्यालय में विकासखण्ड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। जिसमें विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी दिलीप कुमार पटेल , प्राचार्य जोशी, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष रामशंकर राय, ग्राम पंचायत भर्रीडांड सरपंच प्रतिनिधि सुमन सिह वाकरे, प्रमोद राय, ओंकार सिह ओट्टी के द्वारा दीप प्रज्वलित पुष्प अर्पित कर शुभारम्भ कर छात्र, छात्राओं को पाठय पुस्तक का वितरण किया गया।

डाइट पेन्ड्रा से आए हुए शांति पेन्द्रो, स्वप्निल पवार के नेतृत्व में डाइट के छात्रों द्वारा नृत्य के द्वारा आओ स्कूल चले हम थीम पर प्रस्तुति दी गई। जिला पंचायत सदस्य शुभम पेन्द्रो ने कहा कि कडी मेहनत और लगन से ही आसमान की ऊचाइयों को छुआ जा सकता है। इसके बाद अतिथियों ने शाला प्रांगण में पौधरोपण किया। सरस्वती साइकिल योजना के तहत नवमीं की छात्राओं को साइकिल वितरित किया गया। आज के क्रार्यक्रम में न्यौता भोजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सीएसी दिनेश अग्रवाल, आरसी सलीम, सहयोग शालू शर्मा का रहा।